



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 361

ग्वालियर, बुधवार 21 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# शहरों के विकास को लेकर लोगों को भाजपा पर पूरा भरोसा: पीएम मोदी

### राष्ट्रीय महापौर सम्मेलन में शामिल हुए देशभर के 121 महापौर और उप महापौर

**नई दिल्ली।** गुजरात के गांधीनगर में चल रहे दो दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। इस सम्मेलन में देशभर से भाजपा शासित शहरी स्थानीय निकायों के महापौर और उपमहापौर शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने भाजपा के मेयरों के इस कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय महापौर सम्मेलन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आजादी के अमृत काल में अगले 25 साल के लिए भारत के शहरी विकास का एक रोड मैप बनाने में इस सम्मेलन की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी ने कहा कि शहरों के विकास को लेकर लोगों को भाजपा पर पूरा भरोसा है। राष्ट्रीय महापौर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि साथियों सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास%। ये जो वैचारिक परिपाटी भाजपा ने अपनायी है। यही हमारा मॉडल दूसरों से अलग करता है। कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सामान्य नागरिक का संबंध अगर सरकार नाम की किसी व्यवस्था से आता है तो पंचायत से आता है, नगर पंचायत से आता है, नगरपालिका से आता है, महानगर पालिका से आता है। इसलिए इस प्रकार के विचार-विमर्श का महत्व बढ़ जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे देश के नागरिकों ने बहुत लंबे अरसे से शहरों के विकास को लेकर भाजपा पर विश्वास रखा है। उसे निरंतर बनाए रखना, उसे बढ़ाना हम सभी का प्रमुख दायित्व है। वहीं, इस कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी ने नड्डा ने कहा कि हम राजनीति में आए हैं तो सिर्फ गद्दी पर बैठने नहीं आए हैं, सत्ता में बैठने नहीं आए हैं। सत्ता हमारे लिए माध्यम है, लक्ष्य सेवा है। सुशासन के जरिए किस प्रकार हम जनता की सेवा कर सकते हैं, इसके लिए हम काम करते हैं।

इस कार्यक्रम की अधिक जानकारी देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि देशभर के 121 महापौर और उपमहापौर इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह महापौर सम्मेलन पार्टी के सुशासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पीएम मोदी शहरी विकास के मुद्दे पर महापौर और उपमहापौर का मार्गदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए हैं। दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल हैं।



## नोएडा में बाउंड्री वॉल धराशायी, 4 की मौत, 8 लोगों को बचाया

### -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख



**नोएडा।** यूपी के नोएडा के सेक्टर-21 स्थित जलवायु विहार में मंगलवार सुबह नाले की निर्माणाधीन दीवार के धराशायी होने से वहां कार्यरत 12 कामगार दीवार के नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच जेसीबी मदद से मलबे को हटाकर दीवार के नीचे दबे कामगार को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, हादसे में गंभीर रूप से चार कामगारों को इलाज के लिए अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि अन्य को सुरक्षित मलबे से बाहर निकाला गया है। जिनको मामूली चोट आई है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-21 स्थित जलवायु विहार सोसायटी के पास नाले की पुरानी दीवार को तोड़कर नई चार दीवार बनाने का काम किया जा रहा है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे निर्माणाधीन नाले की छह फीट की ऊंची और दस फीट लंबी दीवार गिरने 12 कामगार मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद घटना स्थल के आसपास चीख पुकार मच गई। कंट्रोल रूम पर हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मलबे के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल दो कामगार को सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल और दो कामगरों को सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल कामगारों को मृत घोषित कर दिया।

## खास खबर

### गुजरात में कांग्रेस सत्ता में आई तो पुरानी पैंशन योजन लागू करेगी : राहुल गांधी

**अहमदाबाद।** गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खासकर भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) वोटरों को रिझाने के लिए वादों की झड़ी लगा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी गुजरात की जनता से एक वादा किया है। राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं और इसके बीच उन्होंने एक ट्वीट कर गुजरात के सरकारी कर्मचारियों से बड़ा वादा किया है। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा 'पुरानी पैंशन खत्म कर भाजपा ने बुजुर्गों को आत्मनिर्भर से निर्भर बना दिया। देश को मजबूत करने वाले सरकारी कर्मचारियों का हक है पुरानी पैंशन योजना। हमने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पैंशन योजना बहाल की। अब गुजरात में भी कांग्रेस की सरकार आएगी तो पुरानी पैंशन योजना लाएगी।' बता दें कि इस साल के अंत में गुजरात विधानसभा के चुनाव होने हैं और उससे पहले सभी राजनीतिक दल वोटरों को रिझाने के लिए वादे पर वादे कर रहे हैं। इससे पहले गुजरात कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर ने उनकी सरकार बनने पर राज्य के नागरिकों को बेहतर सवास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का वादा किया था। कांग्रेस ने 'स्वस्थ नागरिक-स्वस्थ राज्य' संकल्प पत्र जारी किया था। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरात के स्वास्थ्य मॉडल से राजस्थान मॉडल के श्रेष्ठ बताया था। उसी राजस्थान के स्वास्थ्य मॉडल की तर्ज पर गुजरात में कांग्रेस सरकार बनती है तो स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या काम करेंगे उसकी घोषणा अशोक गहलोत ने की थी।

### अमेरिका में रेनो एयर रेस स्पर्धा में भाग लेने के दौरान मारे गये पायलट की हुई पहचान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आयोजित रेनो एयर रेस प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान मारे गए पायलट की सोमवार को अधिकारियों ने पहचान की और कहा कि उसका परिवार दुर्घटना का साक्षी था। रेनो एयर रेसिंग एसोसिएशन के अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एल-29 पायलट एरॉन होग की रविवार को स्पर्धा के एक राउंड में दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई। स्पर्धा के एक वीडियो में 61 वर्षीय होग दुर्घटना से पहले विमान में किसी तरह की गड़बड़ी से जूझते नजर आ रहे हैं। इसके बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर जमीन पर आ गिरा और आग लग गई। दुर्घटना के बाद स्पर्धा को रोक दिया गया।

### अफगानिस्तान- तालिबान सरकार ने पबजी और टिक टॉक पर लगाई पाबंदी

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने चीनी ऐप आधारित मोबाइल गेम पबजी और टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का फैसला किया है। कट्टरपंथी इस्लामी सरकार ने दावा किया कि मोबाइल गेम, टिक टॉक अफगानिस्तान के युवाओं को भटका रहा है। सूत्रों के मुताबिक अफगानिस्तान में अगले तीन महीने के अंदर ऐसे कई ऐप्स को बैन किया जा सकता है। तालिबान शासन पहले ही इन दोनों ऐप्स को बैन करने की बात कह चुका है। उनका तर्क है कि इन सब के इस्तेमाल से युवा समाज बद से बदतर होता जा रहा है। हाल ही में तालिबान के प्रवक्ता इनामुल्ला समांगानी ने कहा कि युवाओं को बचाने के लिए टिकटॉक और पबजी को बैन करना बेहद जरूरी है। अफगानिस्तान के सुरक्षा सेवा प्रतिनिधियों और शरिया कानून विशेषज्ञों से परामर्श किया गया। उसके बाद तालिबान सरकार इस ऐप को बैन करने की राह पर है। निर्णय अगले 90 दिनों के भीतर प्रभावी होगा। तालिबान सरकार पहले ही इस फैसले के बारे में दूरसंचार और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को सूचित कर चुकी है। इससे पहले तालिबान सरकार करीब एक लाख वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा चुकी है। गानों, फिल्मों आदि से मेल खाने वाली वेबसाइटों को बंद कर दिया गया है। टीवी सीरियल देखना भी बंद है।

### म्यांमार में हुए हवाई हमले में । बच्चों सहित 13 लोगों की मौत!

**बैंकॉक।** म्यांमा में सरकारी हेलीकॉप्टरों ने एक स्कूल और एक गांव पर हमला किया है, जिसमें सात बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल प्रशासक और एक सहायता कर्मी ने बताया ?कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मंडाले से लगभग 110 किमी दूर तबायिन के लेट यॉट कोन गांव में हाल ही में यह हमला हुआ। स्कूल की एक प्रशासक ने कहा कि गांव के उत्तर में मंडरा रहे चार में से दो एमआई-35 हेलीकॉप्टर ने मशीनगनों और भारी हथियारों से स्कूल पर हमला करना शुरू कर दिया तो वह छात्रों को भूतल पर स्थित कक्षाओं में सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की कोशिश करने लगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में छह छात्रों की मौत हो गई और पास के एक गांव में 13 वर्षीय एक लड़के की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हमला देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 110 किलोमीटर (।0 मील) उत्तर-पश्चिम में तबायिन के लेट यॉट कोन गांव में हुआ, जिसे डेपायिन के नाम से भी जाना जाता है।

## बारूद के ढेर पर है पृथ्वी, सामूहिक प्रयासों से ही निकाला जा सकता है इस समस्या का हल : गुतारेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने विश्व नेताओं को चेतावनी दी है कि दुनिया गहरे संकट में है। उन्होंने गत तीन साल में पहली बार विश्व नेताओं के साथ होने वाली आमने-



सामने की बैठक से पहले कहा कि संघर्ष, जलवायु आपदा, बढ़ती गरीबी और असमानता एवं यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद महाशक्तियों के बीच पैदा हुई दरार को पाटने के लिए काम करने की जरूरत है। नेताओं की मंगलवार को शुरू हो रही बैठक में भाषण और टिप्पणी से पहले गुतारेस ने रेखांकित किया कि न केवल जलवायु परिवर्तन के संकट से धरती को बचाने की बल्कि कोरोना से निपटने की भी चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के मुताबिक पृथ्वी पहले ही बारूद के ढेर पर है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकासशील देशों के समक्ष महामारी से उबरने के लिए वित्तीय संसाधन की कमी की चुनौती है जिसकी वजह से उन देशों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला अधिकारों पर विपरीत असर पड़ सकता है।

## हिजाब पर शीर्ष कोर्ट में जमकर बहस- वकील बोले- साड़ी की तरह ही हिजाब भी गरिमा का प्रतीक

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश हेमंत गुप्ता और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज



सुनवाई की। इस दौरान अदालत के सामने वकील दुष्यंत दवे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अनुच्छेद 25 और 26 के तहत संरक्षण धार्मिक अभ्यास के साथ हैं जो धर्म का अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा है। एक अभ्यास धार्मिक अभ्यास हो सकता है, लेकिन उस धर्म का अभ्यास का एक अनिवार्य और अभिन्न अंग नहीं है। बाद का जो तर्क है वो संविधान संरक्षित नहीं है। जस्टिस धूलिया ने कहा कि क्या हम आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को अलग कर स्थिति से नहीं निपट सकते? जिसके जवाब में दवे ने कहा कि हाईकोर्ट ने केवल जरूरी धार्मिक प्रथा पर ही मामले को निपटा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूनिफॉर्म एक बेहतरीन लेवलर है। एक ही जैसे कपड़े पहनने पर देखिए, चाहे छात्र अमीर हो या गरीब, सब एक जैसे दिखते हैं। जिस पर वकील दवे ने कहा कि लड़कियां हिजाब पहनना चाहती है तो इससे किसके संवैधानिक अधिकार का हनन हुआ है? दूसरे छात्रों का या स्कूल का? दवे ने कहा कि हिजाब गरिमा का प्रतीक है।

## लंबी वायरस से गाये मर रहे हैं राज्य सरकारें सो रही हैं



**जयपुर।** भारत में 2 लाख से अधिक गायों की मौत हो चुकी है।पिछले कई महीनों से लम्पी वायरस का कहर विभिन्न राज्यों में फैलता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए राज्य सरकारों द्वारा कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए। जिसके कारण लाखों की संख्या में गायों की मौत, असहनीय पीड़ा से हो गई।

राजस्थान और गुजरात में लम्पी वायरस से लड़ने के लिए 5 रुपये की मिथेलिन ब्लू नामक नीली दवा लंप्पी वायरस से पीड़ित गायों में मुफीद साबित हुई। इसका सफल ट्रायल भी हुआ। केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय ने 31 अगस्त की जारी गाइड लाइन में इसे इलाज के प्रोटोकॉल में शामिल कर लिया था। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की लापरवाही से गायों की मौत होती रही। गुजरात, राजस्थान और अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर इस दवा का उपयोग कर गायों की जान बचाई जा सकती थी, वह नहीं बचाई गई। राज्यों ने भी इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किए।

### मिथेलिन ब्लू दवा का ट्रायल

राजस्थान के जालौर और सांचोर में 2500 गायों में इस दवा का ट्रायल किया गया था। 1 ग्राम दवा 1 लीटर पानी में घोलकर गायों को दी गई थी। 85 फ़ीसदी सामान्य प्रभावित, 75 फ़ीसदी मध्यम प्रभावित और 50 फ़ीसदी गंभीर रूप से प्रभावित गाएं इस दवा से ठीक हो गईं। स्वस्थ गायों को यह दवा देने पर 90 फ़ीसदी गाय संक्रमित नहीं हुई। गुजरात के भावनगर में भी इस दवा का ट्रायल किया जा चुका है। इसके बाद भी राज्य सरकारों द्वारा गायों को मौत से बचाने के लिए लगातार लापरवाही बरती गई।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए होगा मुकाबला, 22 साल बाद बनी ऐसी स्थिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस को अब पूर्णकालिक अध्यक्ष पद का नेतृत्व जल्द ही मिलने वाला है। 17 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में यह चुनाव कराए जाएंगे। नतीजे 19 अक्टूबर को आएंगे। 24 से 30 सितंबर के बीच नामांकन दाखिल किए जाएंगे। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद शशि थरूर भी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि शशि थरूर ने सोनिया गांधी के समक्ष चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। सोनिया गांधी ने गेंद को उनके पल्ले में ही डाल दिया। सोनिया गांधी ने साफ तौर पर कहा कि हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। वह भी चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। दूसरी ओर खबर यह भी है कि अशोक गहलोत भी चुनावी मैदान में उतरेंगे। अशोक गहलोत 26 से



28 अक्टूबर के बीच नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अब तक के खबरों को देखें तो ऐसा लगता है इस बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे। अगर ऐसा होता है तो 22 साल बाद फिर से इतिहास को दोहराया जाएगा। 22 साल पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए थे। बात वर्ष 2000 की है। सोनिया गांधी और जितेंद्र प्रसाद के बीच कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला हुआ था। जितेंद्र प्रसाद को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। आपको बता दें कि जितेंद्र प्रसाद जितिन प्रसाद के पिता थे। पिछले साल जितिन प्रसाद ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया था। उससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 1997 में चुनाव हुए थे। यह मुकाबला भी बेहद दिलचस्प था जब सीताराम केसरी, शरद पवार और राजेश पायलट आमने-सामने थे। इस चुनाव में सीताराम केसरी को जीत मिली थी। माना जा रहा है कि शशि थरूर से मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी ने इस बात को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया कि इस चुनाव में गांधी परिवार से कोई अधिकृत उम्मीदवार होगा। दरअसल, 2019 के चुनाव में कांग्रेस को मिली हार से निराश होने के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से कांग्रेस का अध्यक्ष पद खाली है।

## लड़की को जबरन किस करने के आरोप में 42 साल के जोमैटो बॉय को जेल

### पीड़ित लड़की ने पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी शिकायत

**मुंबइ।** महाराष्ट्र के पुणे में 42 साल के जोमैटो डिलीवरी बॉय पर 19 साल की लड़की को जबरन किस करने का आरोप लगा है। पीड़ित लड़की ने इसकी शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला येवलेवाड़ी इलाके की नामित सोसायटी का है। पीड़ित लड़की इंजीनियरिंग की छात्रा है। वह कोंढवा के एक कॉलेज में पढ़ती है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि 17 सितंबर की





रात करीब 9~30 पर जौमेटो से खाना ऑर्डर किया था। कुछ समय बाद डिलीवरी बॉय खाना लेकर उसके कमरे तक पहुंचा। उसने लड़की से कहा कि उसे प्यास लगी है और पीने के लिए पानी चाहिए। लड़की ने बताया कि जब वह पानी लेकर आई तो डिलीवरी बॉय उससे उसके घरवालों के बारे में पूछने लगा। लड़की ने उसे बताया कि वह फ्लैट में अपनी दो दोस्तों के साथ रहती है, जो कि इस समय अपने घर गई हैं। यह सुनकर डिलीवरी बॉय ने लड़की से दोबारा पानी मांगा। पीड़िता का कहना है कि उसे यह अजीब लगा। इसके बाद लड़की जब पानी लाने के लिए मुड़ह तो जोमैटो बॉय ने उसे पीछे से पकड़ लिया और गाल पर दो बार किस किया। लड़की ने इसका विरोध किया तो वह वहां से चला गया। आरोपी ने जाते समय उससे कहा कि वह तुम्हारे अंकल जैसा हूं। अगर किसी तरह की मदद की जरूरत पड़े तो बता देना। यह मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। अपार्टमेंट से जाने के बाद डिलीवरी बॉय ने लड़की के व्हाट्सऐप नंबर पर मैसेज भेजने शुरू कर दिए।

## चुनाव आयोग ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को 20,000 रुपए से घटाकर 2,000 रुपए करने का प्रस्ताव भेजा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में सुधार और पारदर्शिता के मकसद से गुमनाम राजनीतिक चंदे को 20,000 रुपए से घटाकर 2,000 रुपये करने का प्रस्ताव भेजा है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को पत्र लिखकर जनप्रतिनिधित्व कानून में कई लसंशोधन करने की सिफारिश की है। हाल ही में, आयोग ने 284 गैर-अनुपालन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को हटा दिया है, उनमें से 253 से अधिक को निष्क्रिय घोषित कर दिया। इससे पहले आयकर विभाग ने कर चोरी के आरोप में देशभर में ऐसी कई संस्थाओं पर छापेमारी की थी। वर्तमान में, राजनीतिक दलों को 20,000 रुपये से अधिक के सभी चंदे का खुलासा अपनी योगदान रिपोर्ट के माध्यम से करना होता है जो चुनाव आयोग को प्रस्तुत किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे की सीमा को 20,000 रुपये से घटाकर 2,000 रुपये करने का प्रस्ताव भेजा है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिल





जाती है, तो 2,000 रुपये से अधिक के सभी दान आयोग को प्रस्तुत की जाने वाली योगदान रिपोर्ट का हिस्सा होंगे। कुछ राजनीतिक दल ऐसे हैं जिन्होंने 20,000 रुपये से अधिक का योगदान जीरो दिखाया है, जबकि उनके लेखा परीक्षित खातों के विवरण में बड़ी मात्रा में प्राप्तियां दिखाई गई हैं। चुनाव आयोग ने काले धन के चुनावी चंदे को खत्म करने के लिए नकद चंदे को 20 प्रतिशत या अधिकतम 20 करोड़ रुपये तक सीमित करने का भी प्रस्ताव भेजा है। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों से उम्मीदवार द्वारा चुनाव से संबंधित रसीद और भुगतान के लिए एक अलग खाता भी बनाए रखा जाएगा और इसे पारदर्शी रूप से चुनाव खर्च के रूप में अधिकारियों को बताना होगा। इसके अलावा, आयोग यह भी चाहता है कि प्रत्येक उम्मीदवार चुनाव उद्देश्यों के लिए एक अलग बैंक खाता खोले, जिसमें चुनाव खर्च के हिस्से के रूप में सभी खचरें और प्राप्तियों से संबंधित सभी विवरण होंगे। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित चुनावी सुधारों में राजनीतिक दलों को फंडिंग में अधिक पारदर्शिता के लिए पार्टियों के फंड से विदेशी फंड को अलग करना भी शामिल है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 मैच मोहाली में खेला

**मोहाली।** भारत क्रिकेट टीम मंगलवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में एशिया कप की गलतियों से उबरने का प्रयास करेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज में मध्यक्रम से जुड़े मामले हल करना रहेगा। इस सीरीज में भारतीय टीम अपने सभी संभावित खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी। उसी को देखते हुए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है पर अन्य खिलाड़ियों को अवसर दिया जा रहा है। यह मैच आज सायं 7 बजे से होगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि विश्व कप में टीम पूरी ताकत से उतरेगी। साथ ही कहा कि इसके लिए टीम में लचीलापन होना चाहिये ताकि विकल्प उपलब्ध रहें। उसका अभ्यास इस सीरीज में भारतीय टीम करेगी।

भारत ने एशिया कप में अच्छी बल्लेबाजी की पर इसके बाद भी टीम कई अवसरों पर उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पायी। वहीं गेंदबाजी में भी टीम अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पायी। अब इन्हीं सभी के जवाब इस सीरीज में तलाशे जाएंगे। भारतीय टीम में इस सीरीज से मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओर युवा गेंदबाज हर्षल पटेल की वापसी हो रही है। इससे भारतीय गेंदबाजी आक्रामण बेहतर होने की उम्मीदें हैं।

कप्तान रोहित ने कहा है कि विश्व कप में लोकेश राहुल ही सलामी जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे पर इस सीरीज में विराट कोहली को भी पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। इसका कारण यह है कि रोहित उन्हें पारी की शुरुआत के लिए एक बेहतर विकल्प मानते हैं। इस सीरीज में विश्वकप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज का भी फैसला होगा। भारतीय टीम ने दो खिलाड़ियों ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक का चयन किय है। अब अंतिम एकादश में किसे शामिल किया जाएगा यह



देखना होगा। अनुमान है कि इन दोनो को ही इस सीरीज में अवसर मिलेगा और उसके आधार पर ही विश्वकप में जगह मिलेगी।

ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के टीम में नहीं होने के कारण ऋषभको बायें हाथ का बल्लेबाज होने के कारण कार्तिक पर वरीयता मिलना तय माना जा रहा है। कार्तिक को एक अच्छा 'फिनिशर' माना जाता है पर एशिया कप में उन्हें बल्लेबाजी का अवसर बड़ी मुश्किल से मिला था। ऐसे में उन्हें इस सीरीज में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिल सकता है। युवा खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और उन्हें भी इस सीरीज में खेलने का अवसर मिल सकता है। हुड्डा आक्रामक बल्लेबाज होने के साथ ही गेंदबाज के तौर पर भी इस्तेमाल किये जा सकते हैं। जडेजा के बाहर होने के कारण इस सीरीज में शामिल अक्षर पटेल को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है ताकि वह अपनी लय हासिल कर सकें। अक्षर इस सीरीज से पहले फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर थे। उनके आने से भारतीय टीम को अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प मिल जाएगा। टीम के पास बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल और हार्दिक जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा अक्षर और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर होंगे। विश्वकप को देखते हुए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई हालातों का ध्यान रखते हुए टीम संयोजन तैयार करेगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और कुछ अन्य प्रमुख खिलाड़ियों के बिना ही भारत आयी है। वार्नर को विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

ऑस्ट्रेलिया- आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड और एडम ज़म्पा।

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल , विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव।

## न्यूज़ ट्रैक....

### जडेजा की कमी पूरी करेंगे अक्षर : रोहित

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की कमी टी20 विश्व कप में महसूस होगी। रोहित के अनुसार जडेजा की जगह पर शामिल किये गये ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी एक अच्छे खिलाड़ी हैं और उम्मीद है कि वह इस कमी को पूरा कर देंगे। जडेजा एशिया कप मैच के दौरान घुटने में चोट लगने के बाद से ही टीम से बाहर है। उनकी हाल में सर्जरी भी हुई है। ऐसे में उनकी जगह अक्षर को आगामी टी20 विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। जडेजा बीच के ओवरों में गेंदबाजी, बल्लेबाजी के साथ ही कसे हुए क्षेत्ररक्षण के कारण मैच बदलने की क्षमता रखते हैं। वह इसी कारण तीनों ही प्रारुपों में टीम के अहम खिलाड़ी हैं। कप्तान के अनुसार जड़ेजा की अनुपस्थिति टीम इंडिया के लिए एक करार झटका है और उनके द्वारा छोड़े गए शून्य को भरना व्यावहारिक रूप से संभव नजर नहीं आता है पर फिर भी स्पिर ऑलराउंडर अक्षर काफी हद तक इस कमी को पूरा कर देंगे। उन्होंने कई अवसरों पर अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी क्षमताएं दिखायी हैं।

### बजरंग को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य मिला

**बेलग्रेड** । भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक मिला है। बजरंग का यह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कुल चौथा पदक है। इसके साथ ही बजरंग इस चैंपियनशिप में चार पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने हैं। पिछले दिनों उन्होंने बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बजरंग ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में प्यूर्तो रिको के पहलवान सेबेस्टियन सी रिबेरा को 11-9 से हराया। इससे पहले बजरंग को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमेरिकी पहलवान माइकल डियाकोमीहालिस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था हालांकि इसके बाद वह रेपचेज राउंड के जरिये कांस्य पदक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। बजरंग ने रेपचेज दौर में अर्मेनियाई पहलवान वाजगेन तेवानयान को 7-6 से हराया था। विश्व चैंपियनशिप में बजरंग का यह तीसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उन्हें साल 2013 में रजत जबकि साल 2018 और 2019 में कांस्य पदक मिला था। इस चैम्पियनशिप में बजरंग के अलावा महिला पहलवान विनेश फोगट ने भी कांस्य पदक हासिल किया है।

### बांग्लादेशी गेंदबाज रुबेल ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया

**ढ़ाका** । बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है हालांकि व सीमित ओवरों के मुकाबले खेलते रहेंगे। रुबेल ने काफी समय से अवसर नहीं मिलने के साथ ही युवा खिलाड़ियों के लिए जगह बनाने के कारण संन्यास का ये फैसला किया है। 32 साल के इस तेज गेंदबाज ने साल 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से अब तक केवल 27 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में कुल 36 विकेट लिए हैं। इसमें 166 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। टेस्ट में रुबेल अधिक प्रभावी नहीं रहे है पर सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। . रुबेल ने 104 एकदिवसीय मैचों में 129 विकेट लिए है। वहीं टी20 में उनके नाम 28 विकेट हैं। रुबेल ने कहा कि युवाओं को मौका देने के लिए ही मैंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला किया है।

## अक्टूबर में भारत दौरे पर आयेंगे फीफा प्रमुख, पीएम से करेंगे मुलाकात

**कोलकाता** । विश्व फुटबॉल की शीर्ष संचालन संस्था (फीफा) के प्रमुख जियानी इनफैंटिनो अगले माह अक्टूबर में भारत का दौरा करेंगे। इस दौरान इनफैंटिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर भी चर्चा कर सकते हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) कार्यकारी समिति की बैठक के बाद यह कहा गया कि इनफैंटिनो का दौरा अगर होता है तो यह 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप के अंतिम चरण में होगा। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने अपनी बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा, 'शुरुआत में सदस्यों को जानकारी दी गयी कि इनफैंटिनो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत यात्रा कर सकते हैं और भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर चर्चा के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल सकते हैं।' एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, 'एआईएफएफ अध्यक्ष ने फीफा अध्यक्ष के साथ हुई बातचीत के बाद कार्यकारी समिति को बताया कि इनफैंटिनो के प्रधानमंत्री से मुलाकात करने की भी संभावनाएं हैं हालांकि अभी यह तय नहीं हुई है।' उन्होंने कहा, 'फीफा अध्यक्ष हमारे प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे तो वो दिन अहम होगा। वह कुछ घोषणायें भी करेंगे जो काफी अहम रहेंगी।' वहीं एआईएफएफ के नये अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कार्यकारी समिति को भारत सरकार और कतर फुटबॉल एसोसिएशन के साथ हुई बातचीत के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि 'हमने कतर फुटबॉल एसोसिएशन के साथ भी सार्थक बातचीत की है और वे भारत में फुटबॉल के विकास के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में हमारी सहायता करने जा रहे हैं।'

## रोड सेफ्टी विश्व सीरीज में सचिन का खूबसूरत शॉट सोशल मीडिया पर छाया

**इंदौर** । यहां बारिश के कारण इंडिया लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स के बीच खेला गया मुकाबला नहीं हो पाया हालांकि इस दौरान स्टेडियम में उपस्थित सभी लोगों को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का खूबसूरत शॉट देखने को मिला। इस शॉट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोई इसे 'क्लास' बता रहा है, तो परफेक्शन कह रहा है।

इस वीडियो में सचिन बैकफुट पर जाकर ऑफ साइड में चौका लगाते हुए दिखे। इतना ही नहीं, शॉट की टाइमिंग भी इतनी शानदार रहती है कि विरोधी खिलाड़ी के पास गेंद को पकड़ने का अवसर ही नहीं होता। इस वीडियो को साझा करते हुए एक ट्विटर यूजर ने जमकर प्रशंसा करते हुए क्लास शॉट बताया

इस मैच में न्यूजीलैंड लीजेंड्स ने भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा ने पारी शुरु की। सचिन ने चौके की सहायता से 19 रन बनाये जबकि सुरेश रैना 1 छक्के की बदौलत 9 रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया लीजेंड्स का एकमात्र विकेट नमन ओझा का गिरा। उन्हें शेन बॉन्ड ने रॉस टेलर के हाथों कैच आउट कराया। ओझा ने आउट होने से पहले 15 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 18 रन बनाये। देश और विश्व भर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## केन्या ने कैमरून टीम को 20 गेंदों में ही हराया

**बेनोनी** । दक्षिण अफ्रीका में जारी अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन कप 2022 सत्र के ग्रुप-बी में केन्या और कैमरून के बीच खेले गये टी20 मैच में को केन्याई टीम ने 20 गेंद में ही कैमरुन को 9 विकेट से हरा दिया। ऐसा अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में चौथी बार हुआ है। इससे पहले ऑस्ट्रिया टीम ने 2019 में तुर्की को 104 गेंद शेष रहते मैच हराया था। तब तुर्की ने यह मैच 10 विकेट से जीत लिया था। वहीं दूसरे नंबर पर ओमान और तीसरे नंबर पर लक्जमबर्ग की टीम है बेनोनी में खेले गए इस मैच में केन्याई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी शुरु की। कैमरून टीम का पहला विकेट 20 रन पर गिरा। इसके बाद कैमरून की पूरी टीम संभल ही नहीं सकी और 14.2 ओवर में केवल 48 रन बनाकर सिमट गयी। वहीं केन्या की ओर से यश तालाती ने घातक गेंदबाजी करते हुए 8 रन और शेम नोचे ने 10 रन देकर 3-3 विकेट लिए। वहीं लुकास ने 2 और गेराई ने एक विकेट लिया। इसके बाद केन्याई टीम 49 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 3.2 ओवर में 50 रन बनाकर ही जीत हासिल कर ली। केन्या का एक विकेट ही गिरा। वहीं रुशब पटेल ने 14 रन की पारी खेली जबकि सुखदीप सिंह 10 गेंदों में 26 और नेहेमिआह 3 गेंद पर 7 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह केन्या ने 20 गेंदों में ही 9 विकेट से यह मैच जीत लिया।



## हाफ मैराथन में शामिल धावक की मौत

**सातारा** । महाराष्ट्र के सातारा में हाफ मैराथन में शामिल एक धावक की मौत का मामला सामने आया है। यह घटना गैर लाभकारी संगठन सातारा रनर फाउंडेशन की हिल हाफ मैराथन (एसएचएचएम) के दौरान हुई। पुलिस और कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार 32 साल के एक प्रतियोगी राज पटेल 21 किलोमीटर की दौड़ के समाप्त होने के कुछ मीटर पहले ही बेहोश हो कर गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार आयोजक तत्काल ही राज को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरु कर दी है। आयोजकों के अनुसार एक व्यक्ति ने बताया कि पटेल दक्ष एथलीट था और अंतरराष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन खिलाड़ी था. उन्होंने कहा कि एंबुलेंस में चिकित्सकों ने उसकी जान बचाने के काफी प्रयास किये। पटेल को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। आयोजकों में से एक ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा के डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उसकी जान बचाने की कोशिश की थी। उसके एक एक निजी अस्पताल ले जाया गया पर लाभ नहीं हुआ।

## व्यापार न्यूज

### रुपया 16 पैसे चढ़कर 79.65 पर

**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे बढ़कर 79.65 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.70 पर खुला और फिर बढ़त के साथ 79.65 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 16 पैसे की तेजी दर्शाता है। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले तीन पैसे गिरकर 79.81 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत गिरकर 109.57 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.11 प्रतिशत बढ़कर 92.10 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपया 79.50-79.90 के दायरे में रह सकता है।

### अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने 130 करोड़ जुटाए

**मुंबई** । परिसंपत्ति प्रबंधन मंच अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने कुछ समृद्ध लोगों एवं परिवारों के कार्यालयों से 130 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटाई है। फर्म के वरिष्ठ भागीदार ऋषिकेश परंदेकर ने कहा कि इसके साथ ही पिछले दो साल में वह कुल 240 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटा चुकी है। वर्ष 2013 में स्थापित अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने अगस्त, 2020 में संपन्न वित्तपोषण के पहले दौर में 110 करोड़ रुपए जुटाए थे। यह कंपनी फिलहाल करीब 5,500 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रही है। परंदेकर ने यह भी कहा कि कंपनी जल्द ही रियल एस्टेट कारोबार में कदम रखने की योजना बना रही है।

### पेट्रोल और डीजल कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटों के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है और ब्रेंट क्रूड डब्ल्यूटीआई के भाव स्थिर हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार मंगलवार को भी दिल्ली, मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान मामूली गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव पिछले 24 घंटे में गिरकर 92.10 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई भी घटकर 86.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## शेयर बाजारों की मजबूती के साथ शुरुआत

# सेंसेक्स 670 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,830 पर पहुंचा

**मुंबई** । बैंकिंग शेयरों में खरीदारी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में सुधार से प्रमुख शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी देखने को मिली। इस दौरान सेंसेक्स 672 अंक की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से भी बाजार को समर्थन मिला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 672.06 अंक चढ़कर 59,813.29 पर था। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 209.5 अंक बढ़कर 17,831.75 पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा स्टील बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत चढ़कर 92.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। निवेशकों ने शुरुआत से ही हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंडसंड बैंक टाटा मोटर्स, बाजार फिनसर्व, एचसीएल टैक्नोलाजी, इंफोसिस और टेक महिंद्रा



जैसी कंपनियों पर दांव लगाया और लगातार खरीदारी से इन कंपनियों के स्टॉक टॉप गेनर की सूची में पहुंच गए। निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 भी एक फीसदी से ज्यादा के उछाल पर कारोबार देखा गया है। सभी सेक्टर्स हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं, लेकिन निफ्टी आईटी और निफ्टी मीडिया में एक फीसदी से भी ज्यादा की तेजी दिख रही है। इंडसइंड बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी कंपनियों के दमदार प्रदर्शन से निफ्टी बैंक इंडेक्स में एक फीसदी से ज्यादा का उछाल दिख रहा है।

### अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला कारोबार

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी शेयर बाजार फिर से तेजी की ओर लौटता दिख रहा है। फेड रिजर्व के ब्याज दरें बढ़ाने के ऐलान और महंगाई व बेरोजगारी के डराते आंकड़ों ने निवेशकों को कदम पीछे खींचने के लिए मजबूर कर दिया था, लेकिन अब उनकी वापसी हो रही है। निवेशकों के इस भरोसे से ही पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 0.76 फीसदी की बढ़त दिख रही थी। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी बढ़त दिखी लेकिन यहां कुछ जगहों पर गिरावट का भी असर रहा है। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले कारोबारी सत्र में 0.49 फीसदी की बढ़त दिखी, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.26 फीसदी नुकसान पर बंद हुआ और लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले कारोबारी सत्र में 0.62 फीसदी का नुकसान दिखा।

### एशियाई बाजार में मजबूत कारोबार

मुंबई (ईएमएस)। एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार में तेजी के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.73 फीसदी की मजबूत बढ़त दिख रही है तो जापान का निक्केई 0.40 फीसदी की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है। ताइवान का शेयर बाजार 0.75 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.40 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, चीन के शंघाई कंपोजिट पर 0.07 फीसदी की गिरावट देखी गई है। भारतीय पूंजी बाजार में लगातार पैसे लगा रहे विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह कई सत्र में बिकवाली की थी, लेकिन इस सप्ताह उनका भरोसा वापस लौट आया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र में 312.31 करोड़ रुपए बाजार में लगाए, जबकि इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 94.68 करोड़ रुपए के शेयर बेच डाले।

## सोना सस्ता, चांदी 57 हजार के पार

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी के भावों में गिरावट देखी गई है लेकिन भारतीय वायदा बाजार में जहां सोने का भाव गिरा है तो चांदी की कीमत में इजाफा हुआ है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत में मामूली गिरावट देखी गई है। चांदी में शुरुआती कारोबार में तेजी देखी जा रही है और यह भी हल्की मजबूती के साथ कारोबार कर रही है। एमसीएक्स पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 80 रुपए घटकर 49,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने में मंगलवार को कारोबार 49,257 रुपए से शुरू हुआ था। कुछ समय बाद भाव 49,410 रुपए पर पहुंच गया। लेकिन बाद में भाव गिर गया और सोना 49,300 रुपए पर कारोबार करने लगा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के भाव में उछाल आया है। चांदी में 402 रुपए की तेजी आई है और यह प्रति किलो 57,086 रुपए हो गई है। चांदी में कारोबार 57,002 रुपए से शुरू हुआ था। कुछ देर बाद भाव में तेजी आई और यह 57,125 रुपए पर कारोबार करने लगी। लेकिन थोी देर बाद मांग में कमी से चांदी गिरकर 57,086 रुपए पर कारोबार कर रही थी। वैश्विक बाजार में सोने के हाजिर भाव में 0.11 फीसदी की गिरावट आई। वहीं चांदी का भाव



भी 0.47 फीसदी लुक गया। सोने का हाजिर भाव 1,676.82 डॉलर प्रति औंस हो गया है। इसी तरह चांदी का हाजिर भाव भी गिरकर 19.54 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

## एफएससीएल ने संपत्ति बिक्री की योजना टाली

**नई दिल्ली** । फ्यूचर सप्लाई चेन लिमिटेड (एफएससीएल) ने अन्य जरूरी मंजूरियां मिलने में देरी के कारण कंपनी की संपत्तियां बेचने की योजना अभी स्थगित कर दी है। एफएससीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि अन्य आवश्यक मंजूरियां मिलने में देरी की वजह से कंपनी के निदेशक मंडल ने संपत्तियां बेचने का प्रस्ताव रद्द कर दिया है। कंपनी कारोबारी परिचालन के पुनर्वास' के लिए अन्य संभावित अवसरों पर गौर करेगी और उसके सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करेगी और कुछ तय होने के बाद एक्सचेंजों को इसकी जानकारी देगी। एफएससीएल देश की सबसे बड़ी संगठित तीसरा-पक्ष आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक सेवाप्रदाता है। एफएससीएल के निदेशक मंडल ने 26 जुलाई, 2022 को कंपनी की कुछ संपत्तियों को बेचने की मंजूरी दी थी। हालांकि, इसके लिए शेयरधारकों और ऋणदाताओं सहित अन्य आवश्यक मंजूरियां ली जानी थीं। एफएससीएल ने 13 सितंबर, 2022 को खुलासा किया था कि उसके शेयरधारकों ईजीएम में संपत्तियों की बिक्री के लिए विशेष प्रस्ताव को पारित कर दिया है। हालांकि, अब बोर्ड ने संपत्ति बिक्री की योजना पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है।

## सेमीकंडक्टर चिप उत्पादन में चीन का वर्चस्व खत्म होगा, भारत बढ़ाएगा उत्पादन

**नई दिल्ली** । वाहनों में लगने वाली सेमीकंडक्टर चिप के कारोबार में अब चीन का एकाधिकार खत्म होता दिख रहा है। एक तरफ जहां चीन में चिप निर्माण तेजी से घट रहा है, वहीं भारत और अमेरिका अपना घरेलू उत्पादन तेजी से बढ़ा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में कोरोना प्रतिबंधों और डिमांड में कमजोरी की वजह से अगस्त महीने में चिप निर्माण में अब तक की सबसे बड़ी मासिक गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, इंटेग्रेटेड सर्किट (आईसीएस) का उत्पादन साल दर साल 24.7 प्रतिशत घटकर 24.7 अरब यूनिट रह गया, जो 1997 के बाद से एक महीने में सबसे बड़ी गिरावट है। चिप निर्माण में गिरावट का यह लगातार दूसरा महीना भी है। जुलाई में उत्पादन 16.6 प्रतिशत घटकर 27.2 अरब इकाई रह गया था। यानी 25 साल बाद चीन के चिप उत्पादन में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत और अमेरिका ने अपना घरेलू उत्पादन लगभग दोगुना कर लिया है। अगस्त में माइक्रो कंप्यूटर का स्थानीय उत्पादन 18.6 फीसदी गिरकर 317.5 अरब यूनिट रह गया। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में घरेलू विनिर्माण गतिविधि तीन महीनों में पहली बार सिकुड़ गई हैं। बिजनेस डेटाबेस प्लेटफॉर्म किचाचा के आंकड़ों के मुताबिक रिकॉर्ड 3,470 चिप बनाने वाली कंपनियां साल के पहले आठ महीनों में कारोबार से बाहर हो गईं। चीन में चिप उत्पादन में मंदी आ रही है, क्योंकि भारत और अमेरिका दोनों स्थानीय चिप निर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं।

सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 1.54 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखते हुए गुजरात सरकार ने वेदांता और फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी की है। भारत के सेमीकंडक्टर कम्पोनेंट मार्केट का 2026 तक कुल रेवेन्यू के मामले में 300 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) और काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं स्थानीय प्रोडक्शन को तेजी से बढ़ावा देंगी। भारत सरकार ने अपनी पीएलआई योजना के तहत सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास के लिए अलग से 76,000 करोड़ रुपये (करीब 10 अरब डॉलर) के खर्च की घोषणा की है। वहीं अमेरिका भी चिप प्रोडक्शन में तेजी से काम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चिप से जुड़े एक नए प्रस्ताव पर साइन किए हैं जो सेमीकंडक्टर उत्पादन प्रोत्साहन के लिए लगभग 52 अरब डॉलर खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी देता है। इंटेल ने अमेरिका के ओहायो राज्य में 20 अरब डॉलर के नए सेमीकंडक्टर प्लांट पर काम शुरू कर दिया है। सैमसंग ने अगले दो दशकों में अमेरिका में 11 और चिप प्लांट बनाने के लिए करीब 200 अरब डॉलर का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है।

# पोनीटेल बनाते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है लुक



पोनीटेल आसानी से बनने वाला हेयरस्टाइल है, लेकिन फिर भी कई महिलाएं इसे बनाते समय कुछ गलतियां कर बैठती हैं। इन गलतियों के कारण बालों को पोनीटेल का परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता है। अगर आप चाहती हैं कि पोनीटेल से आपको एकदम स्टनिंग लुक मिले तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए आज आपको कुछ ऐसी गलतियों ही के बारे में बताते हैं जिनसे पोनीटेल बनाते समय बचना चाहिए।

## बहुत टाइट पोनीटेल बनाना

कई महिलाएं यह गलती करती हैं और बहुत टाइट पोनीटेल बनाना गलत है। महिलाएं टाइट पोनीटेल इस वजह से बनाती है कि वह अपनी जगह पर ही रहें या फिर उनका लुक न बिगड़े। हालांकि अगर इसा तरह लगातार पोनीटेल बनाई जाए तो इससे बालों की जड़ों को नुकसान होता है और बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती है। इतना ही नहीं, इसके कारण सिरदर्द भी हो सकता है।

## गीले बालों में पोनीटेल बनाना

अगर आप कहीं जाने के चक्कर में अपने गीले बालों में ही पोनीटेल बना लेती हैं तो यह भी एक बड़ी गलती है। दरअसल, गीले बाल बहुत कमजोर होते हैं और पोनीटेल बनाने से वे टूट सकते हैं। इसके अलावा इस कारण आपको दोमुंहे बालों की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए पहले बालों को नेचुरली सुखाएं और तभी पोनीटेल बनाएं। अगर आप जल्दी में हैं तो ब्लो ड्रायर की मदद से बालों को सुखा सकती हैं।

## बाथरूम में पोनीटेल बनाना

सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन बाथरूम में पोनीटेल बनाना भी एक गलती है। वैसे तो कई महिलाएं बाथरूम में हेयरस्टाइलिंग करती हैं, लेकिन बाथरूम में पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होता है जिसके कारण हवा में मौजूद मॉइश्चर आपकी स्मूद पोनीटेल को फ्रिजी कर सकता है और फिर आपको वह फाइनल टच नहीं मिलता जो आपको वास्तव में चाहिए होता है। फ्रिज-फ्री पोनीटेल बनाने के लिए आप इसे बेडरूम में बना सकती हैं।

## चेहरे के आकार के अनुसार पोनीटेल न बनाना

कई महिलाएं इस बात पर ध्यान नहीं देतीं और इसलिए उन्हें पोनीटेल से परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता है। बता दें कि पोनीटेल को कई तरह से बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए हेयर पार्टिंग करके या फिर बिना हेयर पार्टिंग के। ऐसे में पहले अपने चेहरे के आकार पर ध्यान दें और उसके बाद ही पोनीटेल बनाएं। अगर आपका चेहरा अंडाकार या लंबा है तो आपके लिए पोनीटेल विद बैंग्स लुक अच्छा रहेगा।

## राम चरण की फिल्म आरसी 15 की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगी कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी ने बॉलीवुड में एक्टिंग के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वह कई फिल्मों के प्रोजेक्ट पर काम रही हैं। वह इस साल राम चरण की पैन इंडिया फिल्म आरसी 15 को लेकर चर्चा में रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी। सितंबर में ही कियारा भी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा फिल्म की टीम के साथ सितंबर में आरसी 15 की शूटिंग शुरू कर देंगी। खबरों की मानें तो कियारा के साथ साउथ सुपरस्टार राम चरण भी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म का निर्देशन शंकर करेंगे, जबकि दिल राजू के कंधों पर फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी होगी। बताया जा रहा है कि सितंबर के पहले सप्ताह में फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। यह कियारा की पहली साउथ फिल्म होगी। कियारा फिल्म में फीमेल लीड किरदार में नजर आएंगी। एक सूत्र ने बताया, मेकर्स पहले जुलाई के पहले सप्ताह में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे थे। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के कारण न केवल राम की आगामी फिल्म आरआरआर के शेड्यूल में देरी हुई, बल्कि इससे आरसी 15 के प्री-प्रोडक्शन की प्रक्रिया भी धीमी हो गई। हालात सामान्य होने के बाद फिल्म की शूटिंग सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। कियारा इस फिल्म में राम के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए मेकर्स ने अभिनेता सलमान खान को भी अप्रोच किया था। वह इस फिल्म में एक कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि शंकर चाहते हैं कि सलमान उनकी फिल्म में एक सख्त पुलिस ऑफिसर के किरदार में दिखें। मेकर्स को सलमान के 25-30 दिन चाहिए, ताकि वे इस किरदार की शूटिंग पूरी कर पाएं।

# फिल्म डॉक्टर जी से आयुष्मान खुराना का लुक वायरल



आयुष्मान खुराना अलग तरह की भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने हर अवतार से दर्शकों का दिल जीता है। पिछले कुछ समय से आयुष्मान फिल्म डॉक्टर जी को लेकर सुर्खियों में हैं। जैसा कि इस फिल्म में आयुष्मान डॉक्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं और अब इस फिल्म से उनका लुक भी सामने आ गया है, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चश्मे के साथ सफेद जैकेट पहने आयुष्मान ने हाथों में किताबें और स्टेथोस्कोप लिए किसी स्टूडेंट से कम नहीं लग रहे हैं। आयुष्मान के परफेक्शन का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह जिस किसी भी रोल में होते हैं, उसके भीतर समा जाते हैं। आयुष्मान ने हाल ही में डॉक्टर जी की शूटिंग शुरू की है। उन्होंने कहा, इस फिल्म का विषय मेरे दिल के बहुत करीब है। हम बेसब्री से इसकी शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार यह दिन आ गया है। उन्होंने कहा, मैं पहली बार पर्दे पर डॉक्टर का किरदार निभाते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस फिल्म के जरिए मैं एक बार फिर स्टूडेंट के तौर पर हॉस्टल लाइफ की अपनी यादें ताजा कर सकूंगा। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ पहली बार अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी। रकुल इसमें मेडिकल स्टूडेंट फातिमा की भूमिका में दिखेंगी, वहीं, आयुष्मान डॉक्टर उदय की भूमिका में होंगे। फिल्म में शेफाली शाह भी अहम भूमिका निभा रही हैं। वह इसमें सीनियर डॉक्टर नंदिनी बनी हैं। फिल्म का निर्देशन अनुभूति कश्यप कर रही हैं। आयुष्मान भोपाल में डॉक्टर जी की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग लोकेशन से आयुष्मान ने एक वीडियो इंस्टा स्टोरी पर भी शेयर किया है। आयुष्मान फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी को लेकर भी चर्चा में हैं। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वह वाणी कपूर के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे। यह पहला मौका है, जब वाणी और आयुष्मान साथ काम कर रहे हैं। आयुष्मान फिल्म अनेक को लेकर भी चर्चा में हैं।

# ईशा देओल की कमबैक फिल्म एक दुआ का ट्रेलर रिलीज



ईशा देओल पिछले कुछ दिनों से फिल्म एक दुआ को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से वह पर्दे पर वापसी कर रही हैं। खास बात यह है कि ईशा इस फिल्म की निर्माता भी हैं। इसी के जरिए उन्होंने प्रोडक्शन जगत में कदम रखा है। कुछ ही दिन पहले खुद ईशा ने अपनी इस फिल्म का ऐलान किया था और अब उन्होंने इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आइए देखते हैं कैसा है फिल्म का ट्रेलर। ईशा ने भी फिल्म का ट्रेलर पोस्ट कर लिखा, फिल्म एक दुआ 26 जुलाई को वूट सेलेक्ट पर रिलीज हो रही है। देखिए इसका ट्रेलर और हमें अपना प्यार व दुआएं भेजिए, अपना आशीर्वाद दीजिए। इस फिल्म की कहानी ईशा के कैरेक्टर अबिदा के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है, जो काफी मेहनत से काम करने के बाद भी अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं कर पाता।

ईशा ने 12 जुलाई को इस फिल्म की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भरत ईशा फिल्म्स के बैनर तले हम निर्माता के रूप में अपनी पहली फिल्म एक दुआ लेकर आ रहे हैं। जब मुझसे इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो मुझे इसकी कहानी के साथ गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। मैंने तय कर लिया कि मैं इसकी निर्माता भी बनूंगी। राम कमल मुखर्जी इस फिल्म के निर्देशक हैं। ईशा, अजय देवगन की वेब सीरीज रूद्र को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में ट्वीट किया था, रूद्र मेरी पहली वेब सीरीज है और वो भी इतने शानदार अभिनेता अजय देवगन के साथ, जो कि फिल्मों में मेरे को-स्टार रह चुके हैं। ईशा ने कहा, मैं इस सीरीज से जुड़कर बेहद खुश हूं। इसके जरिए मुझे बतौर एक्टर कुछ नया एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा। मैं इसे शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी के बाद ईशा की फिल्मों में सक्रियता काफी कम हो गई थी। शादी के बाद उन्हें मांजा जैसी एकाध तेलुगु फिल्म में देखा गया। अपनी बेटियों राध्या और मियारा के जन्म के बाद ईशा पूरा वक्त बेटियों के साथ बिता रही थीं।

## बचपन की यादें हमारे जीवन में महत्वपूर्ण हैं: स्नेहलता वसईकर

शो 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' में गौतमबाई या अहिल्या की सास का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री स्नेहलता वसईकर ने साझा किया कि उनकी भूमिका ने उन्हें बचपन के दिनों में वापस धकेल दिया है। वह इस बात पर भी ध्यान देती हैं कि हमारी जड़ों से जुड़े रहना कितना महत्वपूर्ण है। अभिनेत्री का कहना है, बचपन की यादें हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह हमें सबसे अच्छे समय को याद करती है। वे हमारी सोच और भविष्य को आकार देते हैं। जब किसी के पास अच्छी यादें होती हैं, तो वे बड़े होकर खुश होते हैं। स्नेहलता को लगता है कि जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कई चीजें बदल जाती हैं, और हम अपने शुरुआती दिनों को और भी ज्यादा याद करते हैं। यह मां के खाना पकाने की खुश्बू जैसी छोटी चीजों को याद करने के बारे में है क्योंकि उन्होंने हमारा पसंदीदा भोजन बनाया, पड़ोस के बच्चों के साथ घूमने की खुशी, अपने पिता के साथ रविवार को आइसक्रीम खाने जाना, मस्ती से भरी छुट्टी लेकर चचेरे भाई से मिलना, जन्मदिन मनाना। ये अनुभव लंबे समय तक चलने वाली यादें बनते हैं जो हमारे दिल और दिमाग में हमेशा के लिए रहती हैं। 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' एक पीरियड ड्रामा है जिसमें एक आम लड़की अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को दर्शाया गया है। जैसा कि इस शो के वर्तमान ट्रैक में अहिल्या द्वारा निभाई गई शिक्षा के चरण और अहिल्या द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को दर्शाया गया है, अभिनेत्री अहिल्या के चरित्र को दयालु और अपने परिवार की देखभाल करने वाली पाती है। अहिल्या अपने परिवार के साथ एक मजबूत बंधन साझा करती है जैसे आप सभी करते हैं। देखें कि वह अपने परिवार के लिए कितनी सम्मानजनक और विचारशील है। इसलिए, हम अपने बचपन को अपने भीतर रखते हैं। हम कभी बड़े नहीं होते हैं।

# अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा दोबारा जीतना चाहती हूं : तापसी पन्नू



*तापसी पन्नू को एक तेलुगु फिल्म मिशन इम्पॉसिबल के लिए साइन किया गया है। अभिनेत्री का कहना है कि अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा वह दोबारा जीतने में कामयाब होंगी। तापसी ने कहा, पिछले सात वर्षों में मैंने हमेशा उन कहानियों का हिस्सा बनने की कोशिश की है, जिन्हें मैं खुद एक दर्शक के रूप में देखना चाहती हूं, जिन फिल्मों पर मैं अपना समय और पैसा खर्च करूंगी। और मिशन इम्पॉसिबल उनमें से एक है। उन्होंने कहा, अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा दोबारा जीतना चाहती हूं और मैं इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनकर ठीक यही कर रही हूं। तापसी आज फिल्म की टीम में शामिल हुईं। सेट पर अभिनेत्री का स्वागत करते हुए, निर्माताओं ने एक वर्किंग स्टिल जारी की, जिसमें अभिनेत्री को टूटे हाथ के साथ देखा जा सकता है। वह टेंशन में लैपटॉप पर कुछ देखती है। निरंजन रेड्डी और अन्वेश रेड्डी फिल्म का निर्माण करते हैं, जबकि एन एम पाशा सहयोगी निमार्ता हैं। फिल्म में छायांकन दीपक येरागारा द्वारा संभाला गया है और संगीत मार्क के रॉबिन द्वारा बनाया गया है। रवि तेजा गिरिजाला संपादक हैं।*

# बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



मानसून यानि बारिश का मौसम जितना मन को लुभाता है, उतना ही यह त्वचा के लिए परेशानियों का कारण बनता है। यह मौसम स्किन एलर्जी की समस्या का कारण बन सकता है और इस दौरान त्वचा पर खुजली, रैशेज, लालीपन और सूजन होने लगती है। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनकी मदद से बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत पाई जा सकती है।

## एलोवेरा आएगा काम

एलोवेरा में एंटी-वायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक (दर्दनिवारक) गुण मौजूद होते हैं। ये सभी गुण बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में सहायक हो सकते हैं। राहत के लिए सबसे पहले एलोवेरा की पत्ती को धोकर काट लें और एक चम्मच की मदद से इसका जेल निकाल लें। अंत में यह जेल प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इस उपाय को तब तक न छोड़ें जब तक कि आपको स्किन एलर्जी से पूरी तरह से छुटकारा न मिल जाए।

## नारियल के तेल का करें इस्तेमाल

नारियल के तेल का इस्तेमाल करके भी आप बारिश के कारण हुई स्किन एलर्जी से तुरंत राहत पा सकते हैं क्योंकि यह एक हीलिंग एजेंट के रूप में काम करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं जो स्किन एलर्जी को जल्द दूर करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए नारियल के तेल से प्रभावित जगह की कुछ देर तक हल्के हाथों से मालिश करें।

## नीम की पत्तियों का पेस्ट लगाएं

बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में नीम की पत्तियां भी काम आ सकती हैं। समस्या से राहत पाने के लिए पहले नीम की कुछ पत्तियों को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें और फिर सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद तैयार पेस्ट को स्किन एलर्जी वाली जगह पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद इसे साफ पानी से धो लें। नीम के पेस्ट के रोजाना इस्तेमाल से त्वचा को काफी फायदा मिलेगा।

## सेब का सिरका है प्रभावी

सेब के सिरके में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। ये गुण बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। आपको जब भी बारिश के कारण स्किन एलर्जी हो तो एक गिलास गुनगुने पानी में दो चम्मच सेब का सिरका और स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें। इस घोल का सेवन नियमित रूप से दिन में एक से दो बार किया जा सकता है।

## एक्ट्रेस निधी शाह का ग्लैमरस अवतार सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निधी शाह ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में निधी शाह बेहद खूबसूरत तो लग ही रही हैं। निधी शाह का ग्लैमरस लुक खूब पसंद किया जा रहा है। निधी शाह का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी बोल्ड एंड ग्लैमरस फोटोज से भरा पड़ा है। निधी शाह के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 986के फॉलोअर्स हैं। फेमस टीवी शो अनुपमा की बहू किंजल यानी निधी शाह इस शो से लोगों की फेवरेट अदाकारओं की लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं। निधि शाह ने साल 2013 में फिल्म 'मेरे डैड की मारूति' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने कैमियो रोल निभाया था। निधि शाह शाहिद कपूर की फिल्म 'फटा पोस्टर निकला हीरो' में कैमियो में नजर आईं थी। इसमें भी उनका एक छोटा सा किरदार था। निधि शाह ने सीरियल 'जाना ना दिल से दूर' से छोटे पर्दे पर एंट्री की थी।

## अवसर पहचाने भारत

ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में तनाव के बीच पहली बार अमेरिकी युद्धपोत ने ड्रैगन को चेतावनी दी है। नैन्सी पेलोसी के दौरे के बाद चीन ने अप्रत्याशित रूप से ताइवान के करीब युद्धाभ्यास किया था। अब अमेरिका ने भी अपने दो मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस एंटिएटम और यूएसएस चांसलर्सविले ताइवान के समंदर में भेज दिए। अमेरिकी सेना की तरफ से कहा गया है कि यह एक रूटीन ट्रांजिट है। अमेरिका के बयान में कहा गया, दोनों ही युद्धपोत 28 अगस्त से ताइवान के समंदर में रूटीन ट्रांजिट कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय नियमों का किसी भी तरह उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। वहीं चीन ने भी इन युद्धपोतों को ट्रैक किया और फिर कहा, हम किसी भी तरह की कार्रवाई के लिए तैयार हैं। पीएलए के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा, अमेरिकी युद्धपोतों के गुजरने पर नजदीक से नजर रखी जा रही है। हर गतिविधि हमारे नियंत्रण में है। पेलोसी के दौरे के बाद अमेरिका के पांच और सांसद ताइवान पहुंचे थे। इस दौरान भी चीन ने समंदर में अपनी सेना को तैनात कर दिया था। वहीं अमेरिका के इन युद्धपोतों का भेजा जाना यही दिखाता है कि यूएस संवतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र का संदेश देना चाहता है। ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ता तनाव पूर्वी एशिया में ट्रेड और कमर्शियल ट्रेवल के लिए खतरा बन गया है। ताइवान के आसपास का समुद्री इलाका दुनिया के सबसे बिजी सी रूट्स में शामिल है। इससे पहले से दबाव झेल रही ग्लोबल सप्लाई चेन पर प्रेशर और बढ़ गया है। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब है और अगर वहां तनाव बढ़ता है तो इससे कंप्यूटर चिप्स की शॉर्टेज और बढ़ सकती है। स्मार्टफोन समेत मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक्स में कंप्यूटर चिप्स का व्यापक इस्तेमाल होता है। पहले ही दुनिया इसकी कमी से जूझ रही है। दुनियाभर के 90 प्रतिशत आधुनिक सेमीकंडक्टर ताइवान ही बनाता है। पिछले साल ताइवान ने 118 अरब डॉलर का सिर्फ सेमीकंडक्टर निर्यात किया है। इन चिप्स का इस्तेमाल स्मार्टफोन, कार, लैपटॉप और दूसरी इलेक्ट्रॉनिक चीजों में होता है। इसके बिना इन चीजों का उत्पादन संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका ताइवान की स्थिति को लेकर चिंता में है। दूसरी ओर औद्योगिक विशेषज्ञों को इसमें अवसर दिखाई दे रहा है। चीन में संचालित अमेरिका और यूरोप की कंपनियां इस तनावपूर्ण वातावरण में अपने लिए दूसरे देशों में संभावनाएं तलाश कर रही हैं। भारत को इसका लाभ उठाने के लिए सक्रिय हो जाना चाहिए। यदि मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र की कंपनियां निवेश करती हैं तो इससे आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम बढ़ेगा। इस समय जो कुछ दुनिया में चल रहा है उसमें केवल संकट ही नहीं है अवसर भी छिपा हुआ है। चीन से अमेरिका और यूरोप की कंपनियां सिंगापुर, थाइलैंड से लेकर वियतनाम सहित अन्य देशों में अपना प्लांट लगाने को तत्पर हैं। भारत के लिए यही सही अवसर है जब वह इन विदेशी कंपनियों से बात कर यहां निवेश को लेकर प्रोत्साहित करें। इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स और आटोमोबाइल के मामले में चीन भारत से काफी आगे है। ताइवान को लेकर चीन के रुख और ताइवान के साथ अमेरिका के आने को लेकर जो स्थिति बन रही है उससे भविष्य में चीन और ताइवान के अंदर हालात काफी खराब हो सकते हैं। इन दोनों देशों में स्थित कंपनियां अपने लिए बेहतर विकल्प ढूंढ रही हैं। ऐसे में भारत आगे बढ़कर इन कंपनियों के लिए सहारा बने। ऐसा होगा तो भारत वैश्विक औद्योगिक सप्लाई चेन को आक्सीजन देने वाला बड़ा हब बन जाएगा। सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग की दिशा में देश तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

# विज्ञान का शोर: अंधआस्था पर ज़ोर?

निर्मल रानी

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में दिल्ली के रामलीला मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए देश को एक अति प्रचलित व अति लोकप्रिय नारा दिया था %जय जवान -जय किसान %। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद %जय जवान, जय किसान के नारे के साथ ही जय विज्ञान% का नारा भी जोड़ दिया था। और अब पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले तो जनवरी 2019 में जालंधर में भारतीय विज्ञान कांग्रेस में %जय अनुसंधान% का नारा दिया फिर लाल क़िले पर तिरंगा झंडा फहराने के बाद देश को संबोधित करते हुए %जय जवान%, %जय किसान% और जय विज्ञान के साथ ही इस नारे में %जय अनुसंधान% शब्द भी जोड़ दिये। इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया की तरक़्क़ी का आधार केवल विज्ञान ही है। यह मानव को न केवल विकास पथ पर ले जाता है बल्कि अन्धविश्वास व रूढ़ीवादिता से भी दूर करता है। यह विज्ञान ही था जिसने कोविड जैसी वैश्विक महामारी में यथाशीघ्र संभव वैक्सीन तैय्यार कर पूरी मानव जाति का सफ़ाया होने से बचा लिया। इसलिये विज्ञान और तमाम क्षेत्रों में इसपर निरंतर होने वाले अनुसंधानों से भला कौन इनकार कर सकता है। इसलिये %जय जवान, जय किसान के नारे के साथ ही जय विज्ञान% और अब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस नारे में %जय अनुसंधान% शब्द का जोड़ा जाना निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

परन्तु सवाल यह है कि वर्तमान सरकार, विज्ञान व इससे जुड़े अनुसंधान पर जितना ज़ोर दे रही है क्या वास्तव में हमारे देश के लोगों में इस तरह की मुहिम के बाद विज्ञान बोध पैदा हो भी रहा है ? क्या देश के लोगों में वैज्ञानिक चेतना पैदा हो रही है ? आम लोगों की तो बात ही क्या करनी स्वयं सरकार में मंत्री बने बैठे लोग क्या %जय विज्ञान - जय अनुसंधान% को स्वयं में आत्मसात कर रहे हैं ? या ज़िम्मेदार मंत्रियों व अनेकानेक निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का एक बहुत बड़ा वर्ग अब भी विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान के बजाये अंधआस्था,पारंपरिक अन्धविश्वास और रूढ़िवादिता से जकड़ा हुआ है ? उदाहरणार्थ कोविड के ही दौर में जहां देश के वैज्ञानिकों ने कोविड शील्ड व को -वैक्सीन का अनुसंधान कर देश के करोड़ों लोगों को काल की गोद में समाने से बचा लिया वहीं इसी बीच एक ऐसा वर्ग भी सक्रिय था जो गाय के गोबर और गौमूत्र से ही कोविड का इलाज करने का दावा कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के तमाम लोग कभी ताली बजा रहे थे कभी थाली पीट रहे थे,कभी टॉर्च,मोबाईल की लाइट और न जाने क्या क्या जलाकर कोरोना भगा रहे थे। यह आख़िर कौन सा विज्ञान है और इसके अनुसंधान के क्या आधार हैं ?कोविड काल में ही इंतेहा तो तब हो गयी जब प्रधानमंत्री के %आपदा में अवसर % के %मंत्र% को आत्मसात करते हुए सत्ता के निकट सहयोगी बाबा रुपी व्यवसायी रामदेव ने चट-पट कोरोनिल नामक दवा भी बाज़ार में उतार दी। विश्व स्वास्थ्य संग्ठन व आई एम ए इसके अनुसंधान के विषय में पूछते रहे परन्तु इन सवाल जवाबों के बीच जो व्यवसायिक लाभ होना था वह हो चुका था। आज भी रामदेव न तो वैक्सीन को मानते हैं न ही इसके विश्वव्यापी सकारत्मक परिणाम को स्वीकार करते हैं। उल्टे एलोपैथ पद्धति एवं वैज्ञानिकों के दिन रात किये गये प्रयासों से तैय्यार वैक्सीन की आलोचना ज़रूर करते रहते हैं ? क्या सत्ता समर्थक ऐसे लोगों के ऐसे नकारात्मक प्रयासों से वैज्ञानिकों व उनके द्वारा किये जाने वाले अनुसंधानों को प्रोत्साहन मिलेगा ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुये कहा कि ''हमें इस 'अमृत काल' में भारत को अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर एकसाथ काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमारा प्रयास है कि देश के युवाओं को



अंतरिक्ष से लेकर समुद्र की गहराई तक सभी क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए हर संभव सहायता मिले। हमारे भविष्य की समस्याओं का समाधान अंतरिक्ष और समुद्र की गहराई में है। परन्तु 2019 में जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी वैज्ञानिक व अनुसंधानपरख उपलब्धियों पर आधारित अति आधुनिक लड़ाकू विमान लेने फ़्रांस गये उस समय उन्होंने सबसे पहले फ़्रांस के मेरिनैक में विमान का पूजन किया। उन्होंने अपने हाथों से विमान पर ? लिखा। उस पर नारियल चढ़ाया और विमान के पहियों के नीचे नींबू भी रखे। उन्होंने अपनी इस %कारगुज़ारी % को इन शब्दों में सही भी क़रार दिया कि - %दशमी के अवसर पर शस्त्रों का पूजन करना भारत की प्राचीन परंपरा रही है। उस समय जहां वैज्ञानिक सोच रखने वाले तमाम लोगों ने इसे अवैज्ञानिक ,दक़ियानूसी व अंधविश्वासी कृत्य बताते हुये इसका मज़ाक़ उड़ाया था वहीं अंधआस्था प्रेमियों ने %इसे भारतीय परंपरा का हिस्सा भी बताया था। निश्चित रूप से आज देश का एक वर्ग जब भी कोई वाहन ख़रीदता है,कोई दुकान या मकान बनाता है तो उसपर काला भूत नुमा %नज़र बट्टू % लटकाता है। कुछ नहीं मिलता तो काली रिबन,काली चुन्नी,टायर या फटा जूता तक लटका देता है। ताकि कथित तौर पर वह बुरी नज़रों से बच सके। इस तरह की सोच में न तो विज्ञान की ज़रुरत है न ही किसी अनुसंधान की। ऐसे सोच विचार सदियों से हमारी परंपराओं का हिस्सा बन चुके हैं।

राजस्थान के आपदा राहत मंत्री गोविंद मेघवाल ने कुछ समय पूर्व अपने भाषण में कह दिया कि -%चीन में 80 प्रतिशत महिलाएं काम करती हैं तथा अमेरिका में 50 प्रतिशत महिलाएं काम काजी हैं। इसलिए ये देश विज्ञान की दुनिया में जी रहे हैं। साथ ही मंत्री मेघवाल ने यह भी कह दिया कि- दुर्भाग्य है कि आज भी हमारे यहां करवाचौथ पर महिलाएं छलनी देखती हैं। मेघवाल ने कहा कि लोग अंधविश्वास की दुनिया में जी रहे हैं और लोगों को जाति धर्म में लड़वाते हैं। विज्ञान और अनुसंधान की बात करने वालों को तो मंत्री मेघवाल के इस बयान का समर्थन करना चाहिये था परन्तु उस समय बीजेपी ने ही उनके बयान का सख़्त विरोध करते हुये इसपर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसी वर्ष मई के अंत में गुजरात के मंत्री अरविंद रैयानी का ज़नजीरों से स्वयं को कोड़े मारने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। तमाम लोगों ने इसकी आलोचना करते हुये कहा कि मंत्री रैयानी ने जंजीरों से खुद को कोड़े मारकर अंधविश्वास फैलाया है। जबकि मंत्री महोदय ने जवाब दिया था कि ÷आप इसे अंधविश्वास नहीं कह सकते। हम केवल अपने देवता की पूजा कर रहे थे।÷ इससे पूर्व 2017 में भी ठीक इसी तरह गुजरात के शिक्षा मंत्री भूपेंद्र सिंह चूडास्मा और राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री ईश्वर परमार भारी भीड़ के बीच तांत्रिकों के कारनामों के मध्य स्वयं को लोहे की ज़नजीरों से पीट रहे थे। और आम लोगों के साथ साथ गुजरात के उपरोक्त दोनों मंत्री उस नज़ारे को पूरे हर्ष उल्लास व आस्था से देख रहे थे। कहाँ है इसमें विज्ञान और अनुसंधान ? दरअसल देश का बड़ा वर्ग इसी तरह की तमाम रूढ़ियों व अन्धास्थाओं का शिकार है। और चूँकि वोट बैंक की राजनीति में लीन नेताओं की इन अंधविश्वासियों से निपटने,इन्हें जागरूक करने व इनसे विज्ञान व अनुसंधान आधारित बातें करने की न तो हिम्मत है न ही दिलचस्पी इसीलिये यह नेता शोर तो विज्ञान और अनुसंधान का मचाते हैं दूसरी ओर अंधआस्था पर ज़ोर देते हैं।

## पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अतऱ अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अतऱ मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो।

## चीतों की सौगात से पर्यटन में नये अध्याय का आगाज

राकेश कुमार वर्मा

नामीबिया से आयातित 8 चीतों को मध्यप्रदेश की श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में विमुक्त करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व की पहली अंतर महाद्वीपीय चीता पुनर्वास परियोजना की शुरुआत की। 750 वर्ग किलोमीटर में फैले इस क्षेत्र में योजना के तहत विलुप्त हो चुके चीतों के संवर्धन का दायित्व देकर राज्य को नये प्रतिमान गढ़ने का अवसर दिया है। भौगोलिक और प्रजनन अनुकूलता के मद्देनजर भले ही प्रदेश को यह गौरव हासिल हुआ हो लेकिन, इस परियोजना के लिए मध्यप्रदेश कैडर के 1961 बैच के भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एम के रंजीत सिंह की 50 वर्षों के प्रयासों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्ष 1940 के दशक सें विलुप्तप्राय चीतों के संरक्षण के लिए सबसे पहले उन्होंने वर्ष 1972 में ईरानी चीते लाने के मिशन पर कार्य करने के साथ ही कूनो को सेक्चुरी बनाने की पहल की। 7 जुलाई 2009 में एक ध्यानाकर्षण सूचना पर तत्कालीन केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्री जयराम रमेश ने राज्यसभा में कहा कि पिछले 100 वर्षों में देश से लुप्त चीते को विदेशों से लाकर इसकी संख्या बढ़ानी चाहिये। उल्लेखनीय है कि अनुवांशिक कारकों और चीता के प्रतिद्वंदी शेर, तेंदुए, लकड़बग्घे, जंगली कुत्तों और चील सहित शिकारियों के कारण चीता शावकों की मृत्युदर सर्वाधिक होती है। इन चुनौतियों के बीच उनका संवर्द्धन किया जाना जरूरी है। इस पर दिव्य भानुसिंह और एम के रणजीत सिंह नामक विशेषज्ञों ने अफ्रीका से चीतों के आयात का सुझाव दिया, जिससे वर्ष 2020 में अफ्रीकी चीतों को लाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में चीतों का पुनर्वास तब माना जायेगा जब यहां चीतों की संख्या 500 हो जायेगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से प्रतिवर्ष 8 से 12 चीते लाये जायेंगे। इसे देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर चीतों के संवर्द्धन पोशण की भूमिका बनाई गई है। चीतों की नस्ल विशाल मैदानी क्षेत्र, अर्द्ध मरुभूमि, घास के मैदान और शिकार की अधिकतम संभावनाओं



वाले स्थानो में पनपती हैं। कूनो का चयन यहां पर्याप्त चीतल, नीलगाय, सांभर, सियार, ब्लेक बक, बंदर की उपलब्धता है जो चीते का आहार है। उसके अनुकूल औसत बारिश और गर्मी के साथ ही घासयुक्त मैदानी भाग उसे गति देने में सहायक हैं। शिवपुरी के जंगल और चंबल नदी की अनुकूलता के कारण यहाॅ 27 चीतों के संरक्षण की क्षमता थी जिसे 120 वर्ग किलोमीटर के जंगल के अलावा 32 चीतों तक बढ़ाया जा सकता है। इस अभयारण्य के आसपास के बफर जोन के कुशल प्रबंधन के साथ कूनों में 70 से अधिक चीतों के संरक्षण की क्षमता है। बिल्ली की विडाल प्रजाति में शामिल चीता अपनी अद्भुत फुर्ती और सर्वाधिक गति 120 किमी/घंटा के लिए पहचाना जाता है। चीता शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के चित्रकायः अर्थात बहुरंगी काया से हुई है जो हिन्दी में चीता के रूप मे प्रचलित है। जीनोमिक डाइवरसिटी की प्रयोगशाला के अनुसार चीता एशिया प्रवास से पूर्व अफ्रीका में विकसित हुआ। कई स्त्रोतों ने चीता के एशियाई चीता, उत्तर पश्चिमी अफ्रीकी चीता, एसिनोनिक्स जुबेटस राइनेल, एसिनोनिक्स जुबेटस जुबेटस, एसिनोनिक्स जुबेटस सोमेरिंगी तथा एसिनोनिक्स जुबेटस वेलोक्स जैसे छह प्रजातियों में सूचीबद्ध किया है, लेकिन अधिकांश प्रजातियों के वर्गीकरण अभी भी अस्पष्ट हैं चीता का वक्षस्थल सुदृढ़ और कमर पतली होती है। एक वयस्क चीते का भार 36 से 65 किलो, लंबाई 53 इंच व ऊॅचाई 37 इंच तक होती है। इसका मेरुदण्ड इतना लचीला होता है कि तेज दौड़ते समय पिछले पैर इसके अगले पैर से आगे आ जाते हैं अर्थात् ये बाघ, शेर तेंदुए और जगुआर के मुकाबले अधिक दूरी तक छलांग लगाने में सक्षम है। इसकी तीव्रगति का कारण इसका वृहद नासाद्वार, ह्रदय और फेफड़े हैं जो अधिक से अधिक ऑक्सीकरण के लिए सहायक हैं। इसके आंख के कोने वाले भाग में बने काले ऑसू जैसी आकृति नाक के नीचे मुंह तक जाते हैं जो सूर्य के तीव्र प्रकाश में भी शिकार को दूर तक देखने में सक्षम है। जब यह तेजी से शिकार का पीछा करता है तो इसकी श्वास दर 60 से 150 प्रति मिनट हो जाती है।

## ज्यादा लंबा नहीं दौड़ सकता चीता

### सूडोकु नवताल- 6198

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

योगेश कुमार गोयल

चीते के बारे में यह तथ्य सर्वविदित है कि चीता धरती का सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है लेकिन इसके साथ ही एक तथ्य यह भी है कि चीता ज्यादा लंबी दूरी तक नहीं दौड़ सकता। भारत में यह जानवर 1952 में पूरी तरह लुप्त घोषित कर दिया गया था और लुप्त घोषित किए जाने की 70 वर्षों की बेहद लंबी अवधि के पश्चात् 17 सितम्बर 2022 को नामीबिया से लाए गए 8 चीतों ने भारत की धरती पर कदम रखा। इस विशेष अवसर पर चीते की कुछ प्रमुख विशेषताओं को जानना दिलचस्प है। अपनी तेज रफ्तार के लिए दुनिया में विख्यात बिल्ली की प्रजाति का जानवर चीता 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है और हर सैकेंड में चार छलांग लगाता है। गति पकड़ने के मामले में चीता स्पोर्ट्स कार से भी तेज होता हैं, जो मात्र तीन सैकेंड में ही शून्य से 97 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार पकड़ लेता है। पूरी ताकत से दौड़ने पर यह 7 मीटर यानी 23 फुट लंबी छलांग लगा सकता है। हालांकि यह बिल्ली प्रजाति के अन्य जीवों की ही भांति काफी समय सुस्ताते हुए बिताता है। चीते के बारे में यह तो हर कोई जानता है कि यह दुनिया का सबसे तेज रफ्तार से दौड़ने वाला जानवर है लेकिन यह प्रायः कम लोग ही जानते हैं कि चीते ज्यादा लंबा नहीं दौड़ सकते। शेर और बाघ के मुकाबले चीते बहुत पतले होते हैं। इनके सिर भी काफी छोटे होते हैं, इसके अलावा इनकी कमर पतली होती है। इनके शरीर पर काले धब्बे होते हैं। चीतों के चेहरे पर काली धारियां होती हैं, जो इनकी आंखों के भीतरी कोनों से नीचे मुंह के कोनों तक जाती हैं। चीते आमतौर पर दिन के दौरान शिकार करते हैं, जब शेर बहुत सक्रिय नहीं होते हैं। चीता बिग कैट फैमिली का अकेला ऐसा सदस्य है, जो दहाड़ नहीं सकता। चीता बहुत लंबी दूरी तक तेज गति से नहीं दौड़ सकता और यह दूरी प्रायः 450 मीटर से ज्यादा नहीं होती। जंगली चीतों में नर की उम्र 10-12 वर्ष जबकि मादा की उम्र 14-15 साल तक होती है। मादा चीता की गर्भ अवधि करीब तीन महीने की होती है और वह एक बार में 2-5 चीते को जन्म दे सकती है। बाघ, शेर या तेंदुए की तरह चीते दहाड़ते नहीं हैं, दरअसल चीते के गले में वह हड्डी नहीं होती, जिससे वह बाघ, शेर या तेंदुए जैसी आवाज निकाल सके। चीता खुले मैदानों में शिकार करने का आदी होता है तथा प्रायः सप्ताह में एक बार ही शिकार करता है और वर्षभर में 50 जानवरों से उसका काम चल जाता है। माना जाता है कि चीता अपने शिकार को छोड़कर नहीं जाता और उसके शिकार में किसी की हिस्सेदारी नहीं होती।

चीते की शारीरिक बनावट बहुत खास होती है। बाघ, शेर, तेंदुए तथा जगुआर की तुलना में इसका सिर काफी छोटा होता है, जिससे तेज रफ्तार के दौरान उसके सिर से टकराने वाली हवा का प्रतिरोध काफी कम हो जाता है। तेज रफ्तार से दौड़ने के लिए चीते की मांसपेशियों को बहुत ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत होती है और इस ऑक्सीजन की सप्लाई को बरकरार रखने के लिए चीते के नथुनों के साथ श्वास नली भी मोटी होती है ताकि वह कम बार सांस लेकर भी ज्यादा ऑक्सीजन शरीर में पहुंचा सके। शेर के मुकाबले चीते का दिल साढ़े तीन गुना बड़ा होता है, जो रक्त को तेजी से पूरे शरीर में पंप करता है तथा इसकी मांसपेशियों तक ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसी कारण दौड़ते समय इसे भरपूर ऑक्सीजन मिलती है। चीते की आंखों के नीचे आंसुओं जैसी काली धारियां होती हैं, जो वास्तव में सूर्य की तेज रोशनी को रिफ्लेक्ट करती हैं, जिससे चीता तेज धूप में भी साफ देख सकता है। इसकी आंखों में इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम होता है, जिसके चलते यह तेज रफ्तार में दौड़ते समय भी अपने शिकार पर फोकस बनाए रखता है। इसकी आंख सीधी दिशा में होती हैं, जिस कारण यह कई मील दूर तक भी आसानी से देख सकता है और इसे अंदाजा हो जाता है कि उसका शिकार उससे कितनी दूरी पर है। चीते की 31 इंच यानी 80 सेंटीमीटर तक लंबी पूंछ चीते के लिए रडार का काम करती है, जो अचानक मुड़ने पर बैलेंस बनाने के काम भी आती है। अपने मजबूत पंजों की मदद से चीता दौड़ते समय जमीन पर ग्रिप बनाता है और आगे की ओर आसानी से जंप कर पाता है। दरअसल चीते के पंजे घुमावदार और ग्रिप वाले होते हैं। इतना ही नहीं, अपने पंजे की वजह से ही वह अपने शिकार को कसकर जकड़े रख पाता है। चीते की खोपड़ी पतली हड्डियों से बनी होती है, जिससे इसके सिर का वजन भी कम हो जाता है और हवा के प्रतिरोध को कम करने के लिए चीते के कान बहुत छोटे होते हैं।

## मुसलमानों और ईसाइयों को आरक्षण?

डॉ वेदप्रताप वैदिक

आजकल सर्वोच्च न्यायालय में इस मुद्दे पर बहस चल रही है कि भारत के मुसलमानों और ईसाइयों को भी आरक्षण की सुविधा क्यों न दे दी जाए? जो आदिवासी और अनुसूचित लोग अपना धर्म-परिवर्तन करके ईसाई या मुसलमान बन गए हैं, उनमें से ज्यादातर लोग गरीब, अनपढ़ और मेहनतकश हैं। उन्होंने क्या पाप किया है कि उन्हें आरक्षण से वंचित रखा जाए? धर्म के आधार पर यह भेदभाव तो बिल्कुल अनुचित है। संविधान जब बना तो इसमें सिर्फ उन्हीं अनुसूचितों और आदिवासियों को आरक्षण देने का प्रावधान था, जो हिंदू हैं लेकिन 1956 में सिखों और 1990 में बौद्धों को भी इसमें जोड़ लिया गया लेकिन अब धारा 341 कहती है कि उक्त धर्मों के बाहर जो भी है, उसे आरक्षण नहीं दिया जाएगा। इससे बड़ा कुतर्क क्या हो सकता है? जो जैन, मुसलमान, ईसाई या यहूदी हो गया या नास्तिक बन गया, क्या वह भारतीय नहीं रह गया? मैं तो यह मानता हूं कि धर्म या मजहब बदलने से आदमी की जात नहीं बदलती। इसका प्रत्यक्ष अनुभव मुझे अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मुसलमान मित्रों के बीच कई बार हो चुका है। जातीय आधार पर आरक्षण देना तो जहरीला है ही, यदि वह धार्मिक आधार पर दिया या न दिया जाए तो वह और भी बुरा है। कांग्रेस ने पहले तो जातीय आधार पर आरक्षण दिया। उसका लक्ष्य लोगों का भला करना ही था लेकिन वह नाकाम सिद्ध हुआ। एक नया श्रेष्ठिवर्ग उठ खड़ा हुआ। मुट्ठीभर लोगों को उनकी योग्यता के नहीं, जन्म के आधार पर कुर्सियां मिल गईं। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने पिछले शासन काल में धर्म के नाम पर भी थोड़ा-बहुत आरक्षण शुरु कर दिया। इसके कारण अनुसूचितों और आदिवासियों के आरक्षण में कमी आ गई, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने 50 प्रतिशत आरक्षण को ही वैध माना है। यह आरक्षण आरक्षितों की भलाई के लिए कम, उनके थोक वोटों के लिए ज्यादा दिया जाता है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर भाजपा ने आदिवासियों पर तो डोरे डाल ही दिए हैं, अब वह अरब और ईसाई राष्ट्रों में अपनी छवि चमकाने के खातिर मुसलमानों और ईसाइयों के लिए भी आरक्षण की चूसनी लटका दे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। शायद इसीलिए उसने अब इस प्रश्न पर विचार करने के लिए एक आयोग बनाने का निश्चय किया है। भारत के लिए यह बहुत ही खतरनाक निर्णय साबित हो सकता है। भारत को यदि हमें एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाना है तो लोगों को जाति और धर्म के भेदभाव में उलझाना बंद करना होगा। सरकारी नौकरियों में आरक्षण बिल्कुल बंद करना होगा। केवल शिक्षा में सिर्फ जरुरतमंदों को जाति और धर्म के भेदभाव के बिना आरक्षण और यथासंभव सुविधाएं देनी होंगी।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है काढ़ा, रोजाना करें इसका सेवन



काढ़ा एक पारंपरिक आयुर्वेदिक पेय है, जिसे कई ऐसी औषधीय सामग्रियों का इस्तेमाल करके बनाया जाता है, जो विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में सक्षम हैं। यही वजह है कि कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के बीच भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने रोजाना इस कप काढ़ा पीने की सलाह दी। यह पेय रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने समते त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। आइए आज रोजाना काढ़ा पीने के फायदे जानते हैं।

## घर पर काढ़ा कैसे बनाते हैं?

सबसे पहले एक पैन में दो कप पानी गर्म करें, फिर उसमें अदरक, दालचीनी, लौंग, इलायची, गुड़, तुलसी के पत्ते और काली मिर्च की थोड़ी-थोड़ी मात्रा डालें, फिर 20 मिनट तक पानी को मध्यम आंच पर रखने के बाद मिश्रण को कप में डालकर पिएं।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में है सहायक

अगर आप रोजाना सिर्फ एक कप काढ़ा पीते हैं तो इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती मिल सकती है क्योंकि यह पेय कई तरह के एंटी-ऑक्सिडेंट और विटामिन्स से भरपूर होता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट हानिकारक बैक्टीरिया और मुक्त कणों से शरीर को बचाने में मददगार हैं और आंतरिक संक्रमण और बीमारियों के विकास के जोखिम को कम कर सकते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार, काढ़े का सेवन कोविड-19 से लड़ने में प्रभावी है।

## पाचन के लिए है फायदेमंद

अगर आप अकसर गैस, कब्ज और अपच जैसी पेट से जुड़ी बीमारियों से परेशान रहते हैं तो अपनी डाइट में काढ़े को जरूर शामिल करें। यह पेट की खराबी को शांत करने और पाचन को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकता है। यह गर्म पेय पाचन क्रिया के ब्लड सर्कुलेशन को सुधारने और मुक्त कणों से लड़ता है, जो अपच की समस्या पैदा कर सकते हैं। वहीं, इसमें मौजूद फिनोल पेट और आंतों की मांसपेशियों को मजबूत करता है।

## वजन घटाने में है मददगार

विभिन्न आवश्यक जड़ी-बूटियों से बनाया जाने वाला काढ़ा आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है, जिससे आप अतिरिक्त कैलोरी का सेवन करने से बच जाते हैं और अपने बढ़ते वजन पर काबू पा सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट शरीर की अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में मदद करते हैं। अगर आप किसी वजन घटाने वाली डाइट पर हैं तो अपनी डाइटीशियन की सलाह लेकर रोजाना दिन में दो बार काढ़े का सेवन करें।

## तनाव से राहत दिलाने में है कारगर

हर किसी को किसी न किसी कारण तनाव होता है जिसके चलते व्यक्ति को समझ नहीं आता कि उसे क्या करना चाहिए। हालांकि, अगर आप चाहें तो रोजाना एक कप काढ़े का सेवन करके तनाव से राहत पा सकते हैं। दरअसल, काढ़े में एडाप्टोजेनिक गुण होता है, जो एक स्ट्रेस बस्टर के रूप में काम करता है और तनाव और चिंता के लक्षणों को दूर करने में मदद करता है।

## त्वचा और बालों के लिए भी है स्वास्थ्यवर्धक

हर रोज एक कप काढ़े का सेवन करने से बालों और त्वचा से जुड़ी समस्याओं को कम करने में भी मदद मिल सकती है। इस पेय में मौजूद प्राकृतिक तत्व हानिकारक विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में मदद करते हैं और आपकी त्वचा को साफ और चमकदार बनाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह समय से पहले उभरते बढ़ती उम्र के प्रभाव को भी दूर कर सकता है। यह स्वास्थ्यवर्धक पेय बालों को भी मजबूत करने में मददगार है।

## आइब्रो में हो गए हैं दाने तो अपनाए ये घरेलू नुस्खे



भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों से कई लोग परेशान रहते हैं। जी हाँ, दुनिया में कई लोग हैं जो भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों को लेकर परेशान रहते हैं और कुछ कर नहीं पाते। कई बार ये दाने दर्द करते हैं और इनसे निजात पाना आसान नहीं होता। हालाँकि अगर आप भी अक्सर इस समस्या को झेलते हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए आप इन घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। हल्दी का लेप- अगर आप चाहे तो, आइब्रो में होने वाले दानों से राहत के लिए हल्दी का लेप लगा सकते हैं। जी दरअसलहल्दी के एंटीसेप्टिक गुण दानों को कुछ ही समय में कम कर देंगे और इनसे होने वाले दर्द से भी आपको राहत मिल सकती है।

**बर्फ की सिकाई:** अगर आपको आंखों के आसपास और आइब्रो में पिंपल या दाने के होने पर इसका तुरंत इलाज करना है तो ऐसी स्थिति में आपको आइब्रो पर बर्फ की सिकाई करनी है। इसके लिए एक कॉटन के कपड़े में बर्फ लें और इसे दाने पर कुछ मिनटों के लिए लगाए रखें।

**खीरे का रस:** आप खीरे के रस से आइब्रो में हुए दानों का इलाज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें गुलाब जल मिलाकर आइब्रो पर लगाएं। इससे दाने तो कम होंगे ही, साथ ही ठंडक भी मिलेगा।

**दालचीनी पाउडर:** मसाले के रूप में किचन में इस्तेमाल होने वाली दालचीनी को दानों के इलाज में भी बेस्ट माना जाता है। आप दालचीनी पाउडर में शहद मिलाकर इसे भौह में दाने पर लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें और कुछ समय में आप फर्क पाएंगे।

# सिर के मुंहासों से राहत दिलाने में मदद करेंगे ये पांच घरेलू नुस्खे



बालों को अच्छी तरह से न धोना, हेयर स्टाइल प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल करना, सिर में पसीना आने के बाद उसे न साफ करना आदि की वजह स्कैल्प के रोमछिद्र बंद हो सकते हैं, जिस वजह से सिर में मुंहासे हो सकते हैं। यह एक कष्टदायक समस्या है क्योंकि इसके कारण दर्द और जलन जैसी समस्याएं होती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सिर के मुंहासों से जल्द राहत पा सकते हैं।

## टमाटर के रस का करें इस्तेमाल

टमाटर का रस सिर के मुंहासों के उपचार के लिए एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। सैलिसिलिक एसिड से भरपूर टमाटर आपके सिर के श्व॥ स्तर को संतुलित करके मुंहासों को धीरे-धीरे कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में टमाटर का रस निकालें, फिर उससे रूई के टुकड़े को भिगोकर सिर के मुंहासों पर हल्के हाथ लगाएं। एक घंटे के बाद अपने सिर को माइल्ड शैंपू और पानी से धोकर साफ करें।

## लहसुन लगाएं

लहसुन सैलिसिलिक एसिड, एंटी-ऑक्सिडेंट, एंटी-फंगल और एंटी-वायरल गुणों से समृद्ध होता है, जो सिर के मुंहासों से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकते हैं। शायद इससे आपके सिर से लहसुन की महक आए, लेकिन यह इसे स्वस्थ और मुंहासों से मुक्त बना सकता है। राहत के लिए लहसुन की कुछ कलियों को पानी में उबाल लें, फिर इस पानी को ठंडा करके अपने स्कैल्प पर लगाएं। 30 मिनट के बाद अपने सिर को माइल्ड शैंपू से साफ करें।

## सेब का सिरका आएगा काम

सेब का सिरका एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है, जो सिर में मुंहासें पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, यह सिर के पीएच स्तर को संतुलित करके इसे बहुत अधिक तैलीय या बहुत शुष्क होने से भी बचाता है। लाभ के लिए एक कटोरी में तीन चम्मच सेब का सिरका और पानी मिलाएं, फिर शैंपू करने के बाद इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं। एक मिनट बाद फिर से अपना सिर धोएं।

## एलोवेरा करेगा मदद

एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर एलोवेरा भी सिर के मुंहासों से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकता है। यह मुहांसो के कारण होने वाली सिर में जलन और खुजली से भी जल्द राहत दिलाकर स्कैल्प को हाइड्रेट रखने समेत स्वस्थ बालों के विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए ताजा एलोवेरा जेल सीधे अपने स्कैल्प पर लगाएं और 15-30 मिनट के बाद अपने सिर को सिर्फ पानी से धो लें।

## टी ट्री ऑयल से भी दूर होंगे सिर के मुंहासें

एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से समृद्ध टी ट्री ऑयल सिर के मुंहासों का इलाज काफी प्रभावी तरीके से कर सकता है। यह सिर के रोमछिद्रों को खोलकर मुंहासों को कम कर सकता है। लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की दो-तीन बूंदों को जोजोबा ऑयल में मिलाएं, फिर इसे अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें।

# चेहरे की झुर्रियां टमाटर से करें दूर

बढ़ती उम्र का असर सबसे पहले चेहरे पर ही दिखाई देता है। ऐसे में महिलाएं अपनी उम्र के लक्ष्णों को छिपाने के लिए कई ब्यूटी सीरम और प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करती हैं। स्किन प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने की जगह आप घरेलु नुस्खों के जरिए भी अपनी त्वचा का ख्याल रख सकते हैं। टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स पाए जाते हैं जो आपकी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह हर तरह की स्किन टाइप के लिए फायदेमंद है। त्वचा की रंगत निखारने,ऑयलीनेस हटाने के लिए आप इसका चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं इसे इस्तेमाल करने का तरीका...

## ऑयली त्वचा के लिए

ऑयली त्वचा पर मुहांसे बहुत जल्दी होते हैं। इसके अलावा ऑयली त्वचा पर तेल भी ज्यादा देर के लिए नहीं ठहरता, आप त्वचा से तेल निकालने के लिए टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर आपकी त्वचा में तेल की मात्रा को कम करने में मदद करता है। आप आधा टमाटर काट लें और फिर हल्के हाथों से इसकी चेहरे पर मसाज करें। 10-15 मिनट के बाद आप अपना चेहरा सादे पानी से धो लें।

## मुहांसो के लिए

आप त्वचा के मुहांसे दूर करने के लिए भी टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा में गंदगी या फिर बैक्टीरिया के कारण चेहरे पर मुहांसे होने लगते हैं। टमाटर में पाए जाने वाले विटामिन-ए,सी और के जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा के मुहांसे दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह आपकी त्वचा का पीएच लेवल भी सामान्य रखने में मदद करते हैं।



## कैसे करें इस्तेमाल?

**सामग्री**

- टी ट्री ऑयल - 3-4 बूंदे
- टमाटर - 4

**इस्तेमाल करने की विधि**

- सबसे पहले टमाटर काटकर उसका गूदा निकाल लें।
- फिर इसमें टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं।
- दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं और फिर अपने चेहरे पर लगा लें।
- 5-10 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

**बढ़ती उम्र के लक्षण होंगे कम**

- आप टमाटर का इस्तेमाल बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए भी कर सकती हैं। फाइन लाइन्स, झूर्रियां, दाग-धब्बे, काले घेरे और धब्बे जैसी समस्याओं के लिए आप टमाटर का प्रयोग कर सकती हैं। इसमें विटामिन बी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जाता है जो एंटी एजिंग के गुणों को कम करने में मदद करता है। आप टमाटर काटकर हल्के हाथों के साथ उसकी चेहरे पर मसाज करें। 10 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

**नेचुरल सनस्क्रीन के रुप में करें इस्तेमाल**

- टमाटर में पाया जाना वाला लाइकोपीन नाम का केमिकल यूवी लाइट से आपकी त्वचा को बचाने में मदद करता है।
- आप टमाटर का इस्तेमाल सप्लीमेंट के तौर पर कर सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल**

**सामग्री**

- दही - 3 चम्मच
- टमाटर - 2

**इस्तेमाल करने की विधि**

- सबसे पहले टमाटर को आधा काट लें ।
- फिर इसमें थोड़ा सा दही मिलाएं।
- दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें और फिर अपने चेहरे पर लगाएं।
- 15-20 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

# भिंडी का सेवन करना सेहत के लिए है लाभकारी, जानिए इसके बेमिसाल फायदे



भिंडी में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है अगर आप रोजाना 100 ग्राम भिंडी का सेवन करेंगे तो आपकी बॉडी के लिए आवश्यक विटामिन सी की मात्रा का 38 त्न इससे पूरा हो जाता है विटामिन सी कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में सहायता करता है भिंडी से न केवल बॉडी को पोषक तत्व मिलते है बल्कि इसके सेवन से वजन भी कंट्रोल होता है यह एक ऐसी हरी सब्जी है जिससे कई बीमारियां भी दूर रहती है यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में काफी सहायक है डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है

**वजन कम करने के लिए:** भिंडी वजन घटाने में काफी लाभकारी है इस सब्जी में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है ऐसे में इसके सेवन से वेट कम करने में सहायता मिलती है यानि इस सब्जी से आपको बिल्कुल भी कैलोरी नहीं मिलेगी जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है

**कैंसर में भी मिलेगी सहायता:** कैंसर में भी भिंडी काफी लाभकारी होती है अगर आप इसे डाइट में शामिल करेंगे तो इससे आपकी आंतों में मौजूद विषैले तत्व दूर हो जाते है यानि यह सब्जी आंतों के लिए बहुत लाभकारी है


**डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी :** डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है अगर आप भिंडी को अपनी डाइट में शामिल करते है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है गंभीर मरीजों को इसे खाने से पहले डॉक्टर से राय लेनी चाहिए भिंडी में फाइबर की प्रचुर मात्रा में पाया जाता है इसकी इस खासियत के कारण न केवल पेट देर तक भरा रहता है बल्कि पाचन भी दुरस्त बना रहता है इसके सेवन से फाइट इकट्ठा नहीं होता है।

# चेहरे से मेकअप को ढंग से हटाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

आपके लिए मेकअप करने का कारण भले ही कुछ भी हो, रात को सोने से पहले इसे हटाना बहुत ही महत्वपूर्ण स्किन केयर स्टेप है। दरअसल, अगर आप चेहरे से मेकअप हटाकर नहीं सोते हैं तो इस वजह से आपको रूखेपन, मुहांसे, झाइयां और झुर्रियों जैसी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसी टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने चेहरे से मेकअप को अच्छे से हटा सकते हैं।

## अपने चेहरे को दो बार साफ करें

यह एक कोरियन ब्यूटी टिप है, जिसमें मेकअप को प्रभावी ढंग से हटाने के लिए चेहरे को दो बार साफ करना होता है। इसके लिए सबसे पहले माईसैलर वॉटर या फिर नारियल के तेल या बादाम के तेल को चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से मले, फिर कॉटन पैड को चेहरे पर फेरे। इसके बाद एक हल्के फोमिंग क्लींजर का इस्तेमाल करके अपने चेहरे को साफ करें। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट होगा।



## स्टीम की लें मदद

अपने चेहरे को दो बार साफ करने के बाद स्टीम लेना भी बेहतर है। इससे आपके रोमछिद्र ढीले हो जाएंगे और उसमें से सभी जिद्दी मेकअप प्रोडक्ट्स और गंदगी आसानी से निकल जाएगी। स्टीम के लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में गर्म पानी लें, उसके नजदीक अपना चेहरा लेकर आएं, फिर अपने सिर को एक तौलिए से ढक लें ताकि स्टीम चेहरे पर लगे। कम से कम 5-10 मिनट तक अपने चेहरे पर स्टीम करें।

## मस्कारा हटाने के लिए इस्तेमाल करें स्पूली ब्रश

अगर आपको पलकों से मस्कारा हटाने में दिक्कत हो तो उस समय अपने पुराने मस्कारा वैंड या स्पूली ब्रश का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले स्पूली ब्रश को अच्छी तरह से पानी से धोएं, फिर इससे अपनी पलकों से मस्कारा हटाने के लिए इसका इस्तेमाल करें। मस्कारा को ढंग से साफ करने के लिए अपनी पलकों को कुछ क्लींजिंग ऑयल लगाएं, फिर स्पूली ब्रश से मस्कारा को हटाएं। इसके बाद अपने चेहरे को फोमिंग क्लींजर से साफ लें।

## हेयरलाइन और लिपस्टिक साफ करने का तरीका

हेयरलाइन साफ करने के लिए सबसे पहले अपने बालों की पोनीटेल बनाएं और एक हेडबैंड से आगे के बालों को पीछे करें। इसके बाद हेयरलाइन के आस-पास जमा हुए मेकअप को साफ करने के लिए एक कॉटन पैड को क्रीम बेस्ड मेकअप रिमूवर से भिगोएं, फिर उसे हल्के हाथों से हेयरलाइन पर फेरें। वहीं, लिपस्टिक साफ करने के लिए नारियल के तेल से भीगे कॉटन पैड को होंठो पर हल्के हाथों से फेरे।

## काजल और आईलाइनर हटाने का तरीका

कॉटन पैड का इस्तेमाल करके वाटरप्रूफ आईलाइनर और काजल को हटाना मुश्किल हो सकता है। इसलिए अपनी आंखों से काजल और आईलाइनर को हटाने के लिए कॉटन बड या क्यू-टिप का इस्तेमाल करें और इसे किसी मेकअप रिमूवर में डुबोएं। इसके बाद इससे अपनी आंखें साफ करके अपने चेहरे को धोएं। इसके बाद अपने चेहरे पर एक लाइट मॉइश्चराइजर लगाकर सो जाएं।

# पौराणिक कथाएं आज भी मानव जीवन को सुंदर रूप देने के लिए उत्तम राह दिखाती हैं - साध्वी आस्था भारती

### मानव ईश्वर भक्ति से जुड़कर जीवन को सफ़ल बनाए - साध्वी आस्था भारती

### शुभ विचारों को ग्रहण कर परमात्मा भक्ति की ओर कदम बढ़ाये - साध्वी आस्था भारती







**पुष्पांजली टुडे**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 12 से 18 सितंबर 2022 तक डीडीए ग्राउंड, ब्लॉक ,, बंसल भवन के सामने, पेट्रोल पंप के पीछे, सेक्टर 16, रोहिणी, दिल्ली में %श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ% का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी सुश्री आस्था भारती जी ने कथा के सप्तम दिवस शास्त्रों के साथ-साथ आधुनिक जगत से अनेकों वैज्ञानिक व तर्क-सम्मत उदाहरण देते हुए आध्यात्मिक सरिता से भक्त हृदयों को सींचा। उन्होंने बताया कि ये पौराणिक कथाएं आज भी मानव जीवन और समाज को सुंदर रूप देने के लिए उत्तम राह दिखाती हैं। मानव हर सुबह नींद से जागता है लेकिन अपने लक्ष्य के प्रति अज्ञानता की नींद से वह कब जागेगा। 9/11 अमेरिका पर हुआ आतंकी हमला हो या निपाह और ष्व्हह्श्ठ्ठ्ठ वायरस हमले जैसी विभीषिकाएं, सुनामी हो या भूकंप- ये सभी warning alarms हैं कि संसार की समस्त विद्या व शक्ति की भी सीमाएं हैं। Medical insurance, Gratuity Schemes, Security systems, Antivirus आदि सुरक्षा कवच हमारे शरीर व भौतिक संसाधनों को बचाने के प्रयास हैं। पर अवश्यम्भावी मृत्यु या ष्ट्हद्बद्बह्यद्बह्य से हमें इनमें से कोई भी नहीं बचा सकता। परीक्षित, अल्फ्रेड नोबेल आदि मृत्यु की परछाई को देखकर जाग गए। अपनी मृत्यु को सजाने व जीवन को सफल-सुंदर बनाने में जुट गए। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है जो जीवन को जीते हुए भी परेशानियों का उत्तम समाधान देती है और जीवन के बाद भी मोक्ष को सुनिश्चित करती है। परमात्मा की भक्ति रूपी सुरक्षा कवच के प्रति हम कब जागरूक होंगे। साध्वी जी ने बताया कि समाज ईश्वर से जुड़कर शिवत्व की ओर बढ़ता है तथा ईश्वर से विलग हो शवत्व की ओर। जिस प्रकार कुछ ही समय में शव से दुर्गन्ध उत्पन्न होने लगती है, उसी प्रकार जब-जब भी समाज वास्तविक धर्म से दूर होता है तो उसमें भी भ्रष्टाचार, अत्याचार व आतंकवाद इत्यादि दुर्गन्ध उत्पन्न हो जाती है। यदि हम समाज को पुनः स्वस्थ बनाना चाहते हैं तो हमें उसकी हर एक इकाई को वापिस उसके मूल यानि शाश्वत धर्म से जोड़ना होगा। धर्म ही मानव मन की मलिनता को दूर कर व्यक्ति व समाज को सुंदर रूप प्रदान कर सकता है। आपको जानकार हर्ष होगा कि आज गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से उसी सनातन धर्म का दर्शन मानव को प्रदत्त किया जा रहा है और मानव में आमूल-चूल परिवर्तन देखने को भी मिल रहा है।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक प्रकल्प इसकी जीवंत मिसाल हैं। हर वर्ग व उम्र के लिए कार्यरत इन प्रकल्पों ने समाज के नव निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी का कथन है भक्त सुदामा, कुब्जा, केवट, सैन नाई के सदृश वर्तमान समाज में भी दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अभूतपूर्व परिवर्तन की ऐसी अनेकों मिसाल कायम की गई हैं। कथा व्यास जी ने अंतिम क्षणों में कहा- मैं अपने श्रोताओं से कहना चाहूँगी कि अच्छे श्रोता बनिए। अच्छा श्रोता वही होता है, जो बातों को सुनता है और उन्हें अपने जीवन में धारण करता हुआ अपने लक्ष्य परमात्मा की ओर बढ़ता है। इसके उपरान्त ही आप परीक्षित की भांति मुक्ति प्राप्ति के अधिकारी बन पाएंगे।

# पुलिस थाना कैलारस के द्वारा अवैध हथिहार बनाने का जखीरा की फैक्ट्री व हाथ से बनी माउजर बन्दूक एवं कट्टे बरामद करने की कार्यवाही

**गौरब शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।** मुखबिर सूचना मिली की सुगर फैक्ट्री के परिसर मे एक सरकारी क्वाटर के पास अवैध हथियार बनाने का कारखाना चल रहा है । मौके पर मय टीम के पहुंच कर देखा तो टीन शेड मे लोहे की नाल को एक व्यक्ति ग्राइंडर से घिसाई कर रहा था व एक और व्यक्ति एक कट्टे पर बेल्डिंग कर रहा था जैसे ही उन्हे घेराबंदी कर पकडने की कोशिश की तो दोनो व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे के रास्ते से झाडियो मे कूदकर भाग गये बाद क्वार्टर के बगल मे लगे टीन शेड की तलाशी लेने पर मौके पर एक माउजरनुमा हाथ की बनी लोहे की बन्दूक , एक 315 बोर का हाथ का बना लोहे का कट्टा व चार 315 बोर के खाली खोखे , व एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड , एक बेल्डिंग मशीन , ग्राइंडर मशीन ,




एक ड्रिल मशीन तथा देशी कट्टे बनाने के पुर्जे व उपकरण मिले । जिन्हे विधिवत जप्त किया । बाद थाना वापसी पर अपराध क्र 393/22 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया सराहनीय योगदान उक्त आरोपियो को पकडने व माल मशरुका बरामद करने मे निरी0 वेदेंद्र सिंह कुशवाह, उनि प्रीति जादौन,,उनि. वीरसिह जौनवार, उनि राममंत्र गुप्ता ,सउनि धर्मेन्द्र सिंह राजावात,सउनि देवसिंह , मय प्रआर.961 श्यामवीर सिह , प्र.आर. 213 पंचम सिंह ,प्रआर 276 ज्ञानप्रकाश शर्मा व आर 705 शिवकुमार जाट आर.486 विष्णु शर्मा , आर.454 वीरपाल जाट , आर. 863 महेंद्र शर्मा , आर 520 ब्रजराज ,आर 852 राकेश कुशवाह , आर.1097 देवेन्द्र सिंह घुरैया ,आर 346 अरमान शाह,आर.745 रोहित घनघोरिया,आर 895 रिन्कू धाकड व एनआरएस कदीर, की सराहनीय भूमिका रही

# रिश्वत मांग रहा था रोजगार सहायक , लोकायुक्त की टीम ने 7 हजार रुपए लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार , पीएम आवास की तीसरी किस्त जारी करने के बदले मांगी थी रिश्वत

**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**
**पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** लोकायुक्त टीम सागर ने जिले के लिधौरा तहसील के पहाड़ी बुजुर्ग गांव में पदस्थ रोजगार सहायक संतोष कुशवाहा को 7 हजार की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी रोजगार सहायक ने पीएम आवास की तीसरी किस्त हितग्राही के खाते में डालने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

मामले की शिकायत हितग्राही रविंद्र अहिरवार ने लोकायुक्त टीम से की थी। सागर लोकायुक्त टीम में शामिल राजेश खेडे ने बताया कि पहाड़ी बुजुर्ग गांव के रहने वाले रविंद्र अहिरवार ने ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक संतोष कुशवाहा पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए थे। शिकायत के आधार



पर मामले की गोपनीय तरीके से जांच की गई।

हितग्राही और रोजगार सहायक के बीच फोन पर हुई बातचीत को टेप किया गया। इसके बाद आज रिश्वत की राशि देना तय हुआ। आज सुबह करीब 11 बजे हितग्राही संतोष कुशवाहा रिश्वत के 7 हजार रुपए लेकर रोजगार सहायक संतोष कुशवाहा के पहाड़ी बुजुर्ग गांव स्थित मकान पर पहुंचा। हितग्राही ने जैसे ही रिश्वत की राशि रोजगार सहायक संतोष कुशवाहा को दी तो उसने तुरंत पैसे अपनी जेब में रख लिए। इसी दौरान लोकायुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए रोजगार सहायक को रंगे हाथ रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया है।

### भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज

उन्होंने बताया कि आरोपी रोजगार सहायक के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल टीम मौके पर ही मौजूद है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान लोकायुक्त टीम में शामिल निरीक्षक बीएम द्विवेदी , निरीक्षक केपीएस बेन सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष की स्वच्छता का कार्य किया

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष की स्वच्छता का कार्य किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओ द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता



के महत्व को समझाते हुए नारो द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया स्वयं सेविकाओं द्वारा बताया गया की स्वच्छता किस प्रकार मानव शरीर के लिए व हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं व स्वच्छता ना रखने से मानव शरीर भिन्न भिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है ,यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमआर कौशल व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला, डॉ कृष्णा सिंह व डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में हुआ ।कार्यक्रम में स्वयं सेविकाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण रही।

# भारतीय जनता पार्टी मौं मंडल की कामकाजी बैठक हुई संपन्न

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौ-भिंड।** भारतीय जनता पार्टी मौं मंडल की बैठक आज शांन्ति दिग्मवर जैंन मंन्दिर पर आहूत की गई बैठक में मुख्य रुप से भारतीय जनता पार्टी के जिला सहयोजक संजीव नायक जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा की गई बैठक का संचालन सुल्तान मोर्य जी एवं आभार राजू मिश्रा द्वारा किया गया बैठक में आगामी कार्यक्रम हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी यह कार्यक्रम जिले स्तर पर मंडल स्तर पर एवं बूथ स्तर पर आयोजित किए जाने है इस निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को सेवा कार्यक्रम स्वच्छता कार्यक्रम दिव्यांगों को अंग वितरण कार्यक्रम प्रबुद्ध जन संगोष्ठी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आदि कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से समझाया बैठक में मुख्य रूप से फरैन्द सिंह सिकरवार रघुबीर पवैया सज्जन सिंह यादव महैन्द



परिहार रामख्तयार गुर्जर फंकज कुशबाह डां बैताल गोड रामु कुशबाह शतीष परिहार सोनू खांन मेहबूब खांन रघुराज गुर्जर अजय झां संतोष यादव सोमबीर सिबहरै दिलीप कुशबाह कोमल यादव आकाश शाक्य दिनैश परिहार पवन गोड़ हैमन्त बिस्वकर्मा सूरज खटीक संतोष खटीक आदि मंडल के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष एवं देव पूरन गोयल बलबीर गोयल अरुण बाल्मीकि कार्यकर्ता बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शास. आईटीआई पालडोंगरी में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत समारोह संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट कौशल विकास संचालनालय म.प्र. के आदेशानुसार दिनांक 20 सितंबर 2022 को शास. आई.टी.आई पालडोंगरी (लांजी) में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्?य उद्देश्?य प्रशिक्षण प्राप्?त प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित करना तथा प्रशिक्षणार्थियों के केरियर उन्नयन हेतु अप्रेंटिसशिप, रोजगार मेला, वर्टिकल मोबिलिटी, अपस्किलिंग आदि की जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार साहू सहायक यंत्री लांजी, विशेष अतिथि के रूप में राकेश भटेरे आइएमसी सदस्य/श्री राम राईस मिल संचालक ग्राम बोलेगांव, सैय्यद उसमान आइएमसी सदस्य/फरान राईस मिल ग्राम ठेमा, अंशुल पारासर आइएमसी सदस्य/पारासर राईस मिल हिर्री किरनापुर, गणेश नारनौरे सरपंच ग्राम पंचायत पालडोंगरी, बब्लू उमरे उपसरपंच ग्राम पंचायत पालडोंगरी,




राजेश मुरकुटे, चमन डोंगरे तकनीकी सहायक लांजी, दिनेश रामटेक्कर पत्रकार लांजी, मयूर सूले पत्रकार लांजी, संजय टेंभरे पत्रकार लांजी, एवं प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावक के रूप में मक्खन पाँचे, श्रीमती निर्मला धर्मेन्द्र गायकवाड़, श्रीमती उर्मिला गेड़ाम, श्रीमती इंदु बाई खोब्रागड़े, कु. सोनू खोब्रागड़े आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कन्या पूजन के साथ हुई। सरस्वती वंदना उपरांत समस्त अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मध्यप्रदेश गान की रिकार्डिंग प्रस्तुत की गई। आयोजित दीक्षांत समारोह के संबोधन का सीधा प्रसारण आईटीआई पालडोंगरी में प्रोजक्टर द्वारा दिखाया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने उदबोधन से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में एआइटीटी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मोमेंटो, एनटीएस एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### इन छात्रों को किया गया सम्मानित

व्यवसाय विद्युतकार सत्र 2020-22 से प्रथम स्थान अंकित गायकवाड़, द्वितीय स्थान दुर्गावती गेड़ाम, तृतीय स्थान योगेश पाँचे व्यवसाय फिटर सत्र 2020-22 से प्रथम स्थान गौरव रामटेक्कर, द्वितीय स्थान कोपेन्द्र पाँचे, तृतीय स्थान निकिल कालबेले, व्यवसाय वेल्डर सत्र सत्र 2021-22 प्रथम स्थान योगेश दशहरे, द्वितीय स्थान आदित्य शेन्द्रे, तृतीय स्थान विश्वास शेण्द्रेकर , व्यवसाय कोपा सत्र 2021-22 प्रथम स्थान अंकेश राहंडाले , द्वितीय स्थान भुपेन्द्र कुमार वाघाड़े, तृतीय स्थान चंद्रकुमारी कुशले एवं प्रज्ञा राउत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट एवं स्वंय का रोजगार प्रारंभ करने वाले प्रशिक्षणार्थियों में आशीष खोब्रागड़े व्यवसाय विद्युतकार , हसन दशरिया व्यवसाय विद्युतकार को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई पालडोंगरी के बेस्ट शिक्षक/ प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में अशोक कुमार नागदेवे को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अशोक कुमार नागदेवे (प्रशिक्षण अधिकारी) एवं आदर्श पटले (प्रशिक्षण अधिकारी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के उपरांत सम्पन्न किया गया एवं समस्त अतिथियों के सहयोग से आईटीआई परिसर में पौधारोपण भी किया गया ।

# संत प्रेमी वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने लिया नागा जी संत का आशीर्वाद

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** संत प्रेमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने ग्वालियर पहुंचकर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नागाजी संत हरिदास महाराज की चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि संतों महंतों का आशीर्वाद लेते रहना चाहिए क्योंकि वह हमें मार्गदर्शन करने का रास्ता है उन्होंने कहा कि संतो के चरणों में स्वर्ग है जो कहीं भी घूम आओ तो आशीर्वाद संतो के चरणों में है वह कहीं नहीं है आपको बता दें कि संत प्रेमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर महंतों की सेवा करने में हमेशा लीन रहते हैं और संतों



महंतों ने अपने दिल से आशीर्वाद भी देते हैं सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र संकुआ धाम से मुरैना जरिरुआ धाम के संत महामंडलेश्वर नागा जी संत हरिदास महाराज से श्यामू ठाकुर ने चरण वंदन कर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नागाजी संत हरिदास महाराज से आशीर्वाद लिया इस अवसर पर महामंडलेश्वर नागा जी संत ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपके द्वारा की जा रही संतों की सेवा एवं बेसहारा लोगों की सेवा आपको हमेशा फलीभूत एवं ऊर्जा वादन बनाएगी आप सदा सुखी रहें इस मौके पर उनके साथ कई वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाजसेवा टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# परेड के साथ - साथ दिखाया सांस्कृतिक कौशल



**(एन एस एस प्री आर डी सी 2022 का जिला स्तरीय चयन)**

**अम्बाह..** राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2022 हेतु अंबाह पी.जी. कॉलेज में जिला स्तरीय चयन का आयोजन किया गया। इस चयन में शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय मुरैना के छात्र चेतन सिंह तोमर, कु निशा माहौर और अंबाह पीजी कॉलेज अंबाह से कु श्रेया अग्रवाल, कु अदिति वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मयंक कटारे कुल 06 रासेयो स्वयंसेवकों का चयन किया गया। यह चयनित प्रतिभागी 25 सितंबर को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में होने वाले विश्वविद्याल स्तरीय चयन में जिला मुरैना का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन के लिए समिति गठित की गई थी जिसमें अध्यक्ष शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय मुरैना से प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में डॉ. शिवप्रताप सिंह चौहान, एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार शर्मा पीजी कॉलेज अंबाह, सदस्य, वरिष्ठ रासेयो अधिकारी विजय शर्मा एम एल डी उमावि अंबाह,के साथ समिति के सचिव स्वयं रासेयो जिला संगठक डॉ. शशिवललभ शर्मा थे। चयन में परेड, सांस्कृतिक दक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी के आधार पर चयन किया गया। प्रतिभागियों ने परेड के साथ लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## प्राकृतिक खेती के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सिंगोला में 20 सितंबर को कृषि विभाग एवं आत्मा समिति के द्वारा प्राकृतिक खेती के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया जिसमें वर्तमान में प्राकृतिक खेती क्यों जरूरी है इस संबंध में जानकारी दी गई यह जानकारी संजय कुमार उके प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा दी गई जिसमे बताया कि प्राकृतिक खेती मानव जीवन एवं भूमि दोनों के लिए लाभप्रद जिससे पर्यावरण भी शुद्ध होगा। साथ ही विनय उइके विकासखंड तकनीकी प्रबंधक द्वारा भी प्राकृतिक खेती के तहत कृषकों को सभी योजना जो संचालित हो रही है जिसमें केंद्रीय शासन एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई तथा यूरिया डीएपी रासायनिक उर्वरक डालकर कार्बन का प्रतिशत कम हो रहा है इसके बारे में बताया गया। इसके साथ ही बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, दशपरनीअर्क, निमास्त्र निमित्त करने की विधि से अवगत कराया गया। साथ ही अमित नारनौरे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा कृषि विभाग की वर्तमान संचालित योजना के संबंध में बताया गया कि वर्तमान में सिंचाई उपकरण के लिए पीएमकेएसवाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट एवं ड्रिप सिस्टम हेतु 20 दिसंबर 2020 से 2 अक्टूबर 2020 तक पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे एवं ऑनलाइन लॉटरी 3 अक्टूबर 2020 को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार दीप्ति बिसेन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं विनीता रंगारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा बताया गया कि 2022-23 के लिए अतिरिक्त लक्ष्य बलराम तालाब के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। कृषकों को रबी 2022 के लिए रबी, गेहूं, चना, सरसों, अधिक से अधिक बोनी हेतु बीज की मांग देने व किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन भी जमा करने की बात कही।

## मधुसुदनगढ़ वार्ड नंबर 09

**रिर्पोटर प्रतिश अग्रवाल**



**पुष्पांजली टुडे** नगर परिषद मधुसूदनगढ़ रानी दुर्गावती वार्ड नं 09 में पिछ्ले 1 साल से कुछ निजी भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं जिनके मकान का सामान ट्रैक्टर ट्राली के द्वारा लाने ले जाने से गली की नाली पूरी तरह से नष्ट कर दी गयी है जिसमें आये दिन रात में गाय जानवर एवं वाहनों का न निकलना एवं दुर्घटना की स्तिथि बनी रहती है और कुछ बच्चे भी गिर चुके है नाली में भवन स्वामियों से बार बार बोलने पर भी नाली का नवनिर्माण नहीं कराया जा रहा है।

## मछली पकड़ने के दौरान नदी में डूबने से मौत

**ब्यूरो चीफ रामदयाल गौतम पुष्पांजली टुडे**



**अंबेडकरनगर।** जलालपुर जोल्हापुर गांव के पास तमसा नदी में मछली मारने गए युवक की नदी में मछली पकड़ने के दौरान नदी में डूबने से मौत पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है

## विश्वकर्मा पूजा का हुआ आयोजन



**पुष्पांजली टुडे**

**बेंगलुरू** =श्री विश्वकर्मा ट्रस्ट द्वारा वीरेश कन्वेंशन हॉल कामाक्षी पाल्या में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया । बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा ÷ भगवान श्री विश्वकर्मा ने भाग्यवाद का नहीं, पुरुषार्थ वाद का संदेश दिया । भगवान विश्वकर्मा की कृपा उन्हीं पर बरसती है जो ईमानदार से महेनत करते है ।ट्रस्ट के पदाधिकारीओं ने महेंद्र मुणोत को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।

## पुरानी पेंशन एवं क्रमोन्नति बहाली को लेकर जारी है शिक्षकों का आंदोलन

**अरिमर्दन भदोरिया पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड,** विकास खंड मुख्यालय सहीद पार्क सर्किट हाउस के सामने भिण्ड में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों का आंदोलन आज भी जारी रहा, शिक्षक जहां अपनी मांगों को लेकर धरने पर हैं वहीं शासन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई विचार नहीं किया गया हैद्य अतः संगठन के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में प्रांत व्यापी ब्लॉक स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है इसी क्रम में आज भिंड जिले की अटेर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र भदोरिया के नेतृत्व में शहीद पार्क भिंड में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कियाद्य क्रमानुसार यह धरना प्रदर्शन जिले के सभी ब्लॉक में प्रारंभ होगाद्य और ज़ब तक शासन क्रमोन्नति एवं पुरानी पेंशन के संबंध में संतोषजनक कार्रवाई नहीं करती तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# जगदीश परिहार ने शिक्षा के प्रति होनहार प्रतिभा के लिए दो लाख पैंतीस हजार रुपये राशि की घोषणा की।

**पुष्पाजंली टुडे**

**नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ**

**उदयपुर** =राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के पूर्व समिति सदस्य शिक्षा विभाग सम्भालने वाले जगदीश परिहार सुपुत्र अचलाराम सीरवी। मूलनिवासी गांव बड़गांवडा तहसील सुमेरपुर पाली वर्तमान निवास स्थान उदयपुर कॉलेज शिक्षा।जगदीश परिहार द्वारा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु दो लाख पैंतीस हजार की ज्ञात रहे की आदरणीय दानवीर भामाशाह पूर्व शिक्षा विभाग के जगदीश द्वारा समय समय पर सामाजिक योगदान हेतु राशि देते रहे,अभी उन्होंने राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति में बिना पद रहते बहुत सहयोग किया।और इन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए समाज के निचले स्तर के सभी होनहार प्रतिभाओ को जो शिक्षा से वंचित ना रहे। उनकी पीजी फीस अच्छे से कोचिंग सेंटर में उनकी अच्छी शिक्षा हो और अहसाय परिवारों को समय समय पर सहयोग मिले ताकि हम जैसे आने वाले समय मे वो भी संपन्न बने,समाज का तेजी से शिक्षा, आर्थिक विकास जल्द हो,और समाज के जिन बच्चों के मां बाप नही है उनको सहयोग पहुंचे। हर क्षेत्र में समाज



तर्की करें।जगदीश ने एक होनहार प्रतिभा जो वर्तमान में डी फार्मा कर रही उनके लिए दो साल की फीस दो लाख पैंतीस हजार जमा कराएंगे, उसके लिए ये घोषणा की। जगदीश ने कहा कि जो भी प्रतिभाएं नीट . की तैयारियां या पास हो और उनको आगे क्या करना वो प्रतिभाएं हमसे सभी कोर्सेज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिनको कन्फ्यूजन ओर गाइडेंस की जरूरत है।जैसे एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बीएचएमएस,डी फार्मेसी ओर नर्सिंग हेतु संपर्क कर सकते हैं साथ ही विदेश में भी एडमिशन हेतु भी,जगदीश ने कहा कि इसके पहले भी समाज की होनहार प्रतिभाओ के लिए हमने समय समय पर सहयोग और ध्यान आकर्षित किया।समाज मे प्रतिभाओ की कमी नही है समाज विकास हेतु हमें उन्हें समय समय पर मार्गदर्शन देखरेख की आवश्यकता है,यदि हम सभी मिलकर ऐसे प्रतिभाओ को ध्यान में रखेंगे तो अवश्य ही ये प्रतिभाएं राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सीरवी समाज का परचम लहराएंगे हमे गौरवांवित भी करेंगे व समाज का नाम रोशन भी। समिति सरंक्षक गुणाराम सोलंकी मल्लाराम चोयल समिति अध्यक्ष भिखमचंद काग,महासचिव जगदीश सिंदडा ने जगदीश परिहार को इस बड़ी घोषणा व एक ऐतिहासिक पहली बार उन प्रतिभाओ के लिए आगे आए उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## थाना मायापुर के ग्राम पंचायत चंदोरिया में दबंग लोगों के दबदबा से महिला परेशान थाना मायापुर पर लगाई मदद की गुहार

### दबंग लोगों का दबदबा वारो बाई महिला पर महिला परेशान

**हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**खनियाधाना।** मामला ग्राम पंचायत ग्राम चंदौरीया का है जहां पर एक महिला को दबंग लोगो ने अपनी चपेट में समेटे हुए हैं दबंग लोग महिला के साथ आए दिन मारपीट करते रहते हैं और जब जमीन बंटवारे की बारी आती है तो मारने की धमकी दी जाती है और गांव से बेदखल करने की धमकी दी जाती है जमीन की बात करती हूं तो मेरे लिए जान से मारने की धमकी दी गई और मेरी मारपीट कर दी गई और मेरे मुंह में जो घुसा मारा गया है जिससे मेरा एक दांत टूट गया है दबंग लोगों का दबदबा इस कदर छाया हुआ है कि महिला घर से बाहर भी नहीं निकल पाती है दबंग लोगों की महिलाओं द्वारा भी महिला की मारपीट की जाती है इसी क्रम में महिला मायापुर थाना पहुंची जहां पर उसने अपनी आपबीती बताई थाना मायापुर को सुनाई जिसके बाद तुरंत मायापुर पुलिस ने वृद्ध महिला की रिपोर्ट थाने में दर्ज की



## खाद की क़िल्लत को लेकर कृषि अधिकारी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने दी चेतावनी

### राइस मील पर 23 को विधायक जिला अध्यक्ष देंगे धरना करेंगे प्रदर्शन

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने मंगलवार को किसान राइस मील पर खाद की किल्लत से परेशान किसानों को खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर कृषि विस्तार अधिकारी भानु प्रताप सिंह घुरैया को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसान खाद के लिए दिन-रात जद्दोजहद कर रहा है स्थानीय दुकानदार और मार्केटिंग सोसायटी द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है। खाद की समस्या के निदान को लेकर गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में 23 तारीख शुक्रवार को किसान राइस मील मे विधायक मेवाराम जाटव जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे गोहद में किसान खाद के लिए दिन-रात जद्दोजहद कर रहा है दुकानदार और मार्केटिंग के माध्यम से खाद की कालाबाजारी की जा रही है स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था किसानों के हक के लिए कांग्रेसी 23 तारीख को धरना प्रदर्शन करेगी जिसको लेकर एसडीएम बहुत से अनुमति मांगी है ।



**आशीष गुर्जर**
**अध्यक्ष** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद

## मोहन सिंह धाकड़ कोलारस प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा को गुना प्रभारी ओबीसी महासभा बनाया गया

**अनिल कुशवाह प्रभारी**

**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** मोहन सिंह धाकड़ प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा गुना जिले का प्रभारी बनाए जाने पर ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी प्रदेश कोर कमेटी एवं प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर गिर्राज सिंह दुलारा जी का बहुत-बहुत धन्यवाद किया की जिन्होंने जो जिम्मेदारी दायित्ब मुझे दी है में पूर्णता ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और महापुरुषों की विचारधाराओ पर चलूंगा और समाज को संगठित रखने का काम करूंगा और समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और अपने समाज को अपने महापुरुषों की विचारधारा पर चलाने का काम करूंगा और मैं अपने ओबीसी वर्ग से कहना चाहता हूं हमें जागरूक होने की जरूरत है क्योंकि हमारी लगभग 52त्नजनसंख्या है संविधान के अनुसार हमें इस आधार पर 52त्न हिस्सेदारी मिलना चाहिए।

# हड़ताल पर शिक्षक, सरकार नहीं कर रही पुरी मांग ,छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

## विधायक हिना कावरे ने दिया समर्थन, आजाद अध्यापक शिक्षक मध्यप्रदेश ब्लॉक लांजी के अध्यापकों की हड़ताल का आठवां दिन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** दिनांक 20 सितंबर 2022 दिन मंगलवार को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ लांजी का पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आठवां दिन भी पुरा हो गया है। जिसमें लगातार अध्यापकों की संख्या बढ़ रही हैं। लांजी ब्लॉक अंतर्गत 10 संकुल के लगभग 1000 के करीब अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाएं हड़ताल में उपस्थित रहे, जिससे पूरे ब्लॉक के 85त्न स्कूलों में अध्ययन अध्यापन कार्य ठप्प रहे।

**विधायक हिना कावरे ने दिया समर्थन:** अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने के लिए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवम लांजी क्षेत्र की वर्तमान विधायक सुश्री हिना कावरे हड़ताल स्थल पर उपस्थित हुई एवम अध्यापकों की जायज मांग का समर्थन किया। पुरानी पेंशन एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को पुरजोर तरीके से मध्यप्रदेश सरकार के सामने एवं विधानसभा में उठाने का आश्वासन भी दिया गया। विधायक महोदया के साथ हड़ताल स्थल पर विधायक प्रतिनिधि मुकेश जोशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरें, देवेंद्र खोंगल , ऋषी पटेल दशरिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल मांगो के समर्थन के लिए उपस्थित हुए। साथ ही साथ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट की महिला जिला कार्यकारिणी की जिला अध्यक्ष प्रिया शर्मा, उपाध्यक्ष टीनू कटरे, उइके मेडम, ऐड़े मेडम, चौधरी मेडम, उपस्थित थे।

**सेवानिवृत्त शिक्षक तुकाराम तेलास्कर को दस हजार रुपए**



**स्वेच्छानुदान देने की घोषणा:** अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे शिक्षकों के बीच उपस्थित एनपीएस से पीड़ित 2 साल पूर्व रिटायरमेंट हो चुके एवं 1300 रुपए की पेंशन ले रहे शिक्षक तुकाराम तेलास्कर को विधायक महोदया के द्वारा 10000 रुपये की स्वेच्छानुदान राशि प्रदान करने की घोषणा की गई। हड़ताल में मुख्य रूप से संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रभूषण चौहान, ब्लाक अध्यक्ष तिलकचन्द बनोठे संयोजक मुकेश हरिनखेड़े, उपाध्यक्ष समारुलाल घोरमारे कोषाध्यक्ष लालसिंह छेदाम सचिव राजेन्द्र बारबूदे , रामकुमार रहांगडाले ,जगदीश भारद्वाज, किताबचन्द बिसेन, कृष्णा वैष्णव, जयभीम गजभिये, राजेश्वर मेहरकर, मनसुरे सर, दीपक रामटेके, तिलक नारनौरे, अनुपचन्द घोरमारे, लक्ष्मीकांत मड़ामे, लक्ष्मी बिसेन, कमल मेश्राम राजकुमार कुशले, शैलेन्द्र वशिष्ठ, अतुल हनोते, बीरबल दशरिये, ठंमक बनोठे, जगदीश हनोते, श्रीमती गुलनाज खान, गीता लिल्हारे, संध्या मरावी, गीता डोये, अर्चना दुबे, सुनीता सोनवाने, सरिता गौतम, तामेश्वरी बिसेन, रामेश्वरी पटले एवम बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका साथी उपस्थित थे।

### साल भर का जो समय बचा है यही सरकार इन सब मांगों को पूरा करें - हिना कावरे विधायक

मुख्य 5 मांग मेरे सामने आई है, जिसमें मुख्य रुप से पुरानी पेंशन की मांग पूरी करने का मामला उठाया है। और सबको ही विश्वास है कि जो हमारी सरकार कांग्रेश कि जिन प्रदेशों में है इसकी शुरुआत हो गई है और उम्मीद है कि मध्यप्रदेश में भी इसकी शुरुआत होनी चाहिए। और मैंने आज सबके बीच में यह बात कहा कि जिस दिन कांग्रेस की सरकार इस मध्यप्रदेश में 2023 के बाद आएगी, तो यह मुद्दा प्रथम रूप से हमारी प्राथमिकता में शामिल है। और इसके अलावा भी जो मांगे इन्होंने रखी इन सब बातों को भी मैंने समय-समय पर विधानसभा में प्रश्नों के माध्यम से ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया है। और सारी मांगे जायज है। तो हम यह हमारे सभी अध्यापक शिक्षक साथियों को यह विश्वास दिलाती हूं कि हम हमेशा उनके साथ खड़े हैं। हम तो पूरा प्रयास करेंगे कि साल भर का जो समय बचा है यही सरकार इन सब मांगों को पूरा करें। और हमारे नेता आदरणीय कमलनाथ जी का आगमन 22 तारीख को हमारे बालाघाट जिले में हो रहा है वारासिवनी में। उनकी जानकारी में यह सारी बातें हैं और हम उस दिन भी लेकर आएंगे। और हम कोशिश करेंगे कि यही सरकार इसको माने और यह सरकार नहीं मानती है, तो जब परिवर्तन होगा और कमलनाथ जी मुख्यमंत्री बनेंगे तो इन सब बातों को शब्दों से लागू करवाएंगे।

## एक करोड़ 34 लाख की लागत के नाला निर्माण कार्य का सांसद ने किया भूमिपूजन

# आपने बलदेव अग्रवाल के रूप में विकास चुना है : सांसद विवेक शेजवलकर

ग्वालियर । संभवतः यह प्रदेश की पहली नगर परिषद है। जहां परिषद चुनने के चंद दिनों बाद इतनी बड़ी राशि का विकास कार्य होने जा रहा है। यह सब नव निर्वाचित अध्यक्ष की विकास के प्रति सक्रियता का परिणाम हैं। आपने बलदेव अग्रवाल के रूप में विकास चुना हैं। यह बात सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते समय कही। करैरा तिराहे से मेन रोड़ वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 होते हुए वार्ड क्रमांक 1 घाटमपुर तक एक करोड़ 34 लाख की लागत से बनने बाले नाले के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने मंगलवार को नगर परिषद द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विवेक नारायण शेजवलकर थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र जैन उपस्थित थे। मंचासीन इन सभी अतिथियों ने नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल के साथ नाला निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमिपूजन किया। इसके बाद सांसद श्री शेजवलकर ने समारोह पूर्वक कार्यक्रम में उपस्थित नगर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के चहुमुखी विकास के लिए मेरे द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। नगर परिषद



अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल के विकास कार्यों के हर प्रस्ताव को गंभीरता से लिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि नगर परिषद गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण कराकर सराहनीय कार्य कर रही है। स्वच्छता के लिए शुरू हुए ऐसे कार्यों को देखते हुए आप सभी लोग खुले में कचरा न फेकें। कचरा डस्टविन में ही डालें। जिससे नगर साफ स्वच्छ रहे। वहीं इससे पूर्व भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष कौशल शर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने अपने संबोधन में प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमओ दिनेश कुमार सोनी,मुख्य लेखपाल दिनेश कुमार श्रीवास्तव,पार्षद पति धर्मेंद्र अग्रवाल,रघुबीर सिंह यादव अजय यादव,सुमंत जैन,राधेश्याम अग्रवाल,जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## हिन्दी सप्ताह के उपलक्ष्य में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता भी हुई**

ग्वालियर । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन जारी है। इस सिलसिले में हिन्दी सप्ताह के उपलक्ष्य में मंगलवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयेन्द्रगंज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गालिब रसूल के मार्गदर्शन में आयोजित हुए इस शिविर में हिन्दी दिवस सप्ताह के अंतर्गत मौलिक अधिकार व कर्तव्यों एवं महापुरुषों के जीवन पर केंद्रित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीपक शर्मा ने छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के संबध में जानकारी दी। साथ ही बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट), बाल यौन उत्पीड़न, स्कूल बैग योजना व निशुल्क विधिक सहायता के संबंध में भी उन्होंने जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आयोजित हुई निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षाविद, पैरालीगल वालेंटियर एवं समाज सेवियों सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्रायें उपस्थित रहीं।

## विनियमित कर्मचारियों ने नियमितिकरण की मांग को लेकर महापौर को दिया ज्ञापन

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर में कार्यरत विनियमित कर्मचारियों द्वारा आज मंगलवार को महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार को ज्ञापन सौंपकर विनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने की मांग की।

बाल भवन में निगम के विनियमित कर्मचारियों द्वारा महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार को ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि आपके द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान नगर निगम में कार्यरत भी नियमित कर्मचारियों को नियमित करने का आश्वासन दिया गया था तथा आपके घोषणापत्र में भी उक्त कार्य करने का आपने संकल्प लिया था हम सभी कर्मचारियों का आग्रह है कि निगम में कार्यरत सभी वे नियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए इसके साथ ही नगर निगम के नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति की जाए। ज्ञापन सौंपते समय स्वयंसेवक अधिकारी कर्मचारी संघ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र योगी, के संभागीय महामंत्री श्री विनीत त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## पितरों को प्रसन्न करने अखंड रामायण पाठ किया



ग्वालियर। संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोल पाड़ा पाड़ा पर सोमवार प्रातः 10ः00 अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया जिसका समापन मंगलवार को हुआ। उसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। रात्रि 7ः30 बजे से नियमित असंख्य हनुमान चालीसा के पाठ किए गए और भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भक्तजनों ने हनुमान चालीसा के पाठ कर प्रसादी ग्रहण की। जगबीर दास तोमर का कहना है कि पितृपक्ष में किए गए धार्मिक कार्यक्रम घर परिवार के देव तत्व में देवलोक में गए पितरों को प्रसन्नता एवं शांति देते है और पूर्वज पितृ अपने परिवार को उच्च मार्ग पर चलने की प्रेरणा और आशीर्वाद देते हैं। अखंड रामायण का पाठ करने वालों में प्रमुख रूप से किशन सिंह तोमर, राजेश लहरिया, कमलेश शर्मा, शिवराज सिंह सिकरवार,विजेंद्र कुमार वर्मा, अरुण तिवारी, यशपाल तोमर, हरिनारायण शर्मा, संजय जैन, श्याम कुमार शर्मा,राहुल महेश्वरी, हिम्मत सिंह राजावत, हरिमोहन शर्मा आदि शामिल रहे।

# महिला सरपंच के पति ने किया ग्राम पंचायत का संचालन तो जायेगी सरपंची

### कलेक्टर सिंह द्वारा सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश जारी

ग्वालियर । त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर कोई और व्यक्ति ग्राम सभा व ग्राम पंचायत इत्यादि की बैठक में भाग नहीं ले सकेगा। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को लिखित में निर्देश जारी किए हैं कि सरपंच या पंच के पद पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर यदि उनके पति या किसी अन्य परिजन द्वारा ग्राम पंचायत या ग्राम सभा की बैठक में भाग लिया जाए तो ऐसी महिला सरपंचों व पंचों को पद से हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित करें।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिये चुनी गई महिला जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि महिला पदाधिकारियों के स्थान पर ग्राम पंचायत व ग्राम सभा की बैठकों का संचालन उनके पति अथवा परिजनों द्वारा किया जाना वर्जित है। इस सिलसिले में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जिला, जनपद व ग्राम पंचायतों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिये आरक्षित किए गए हैं।



कलेक्टर श्री सिंह ने पत्र के जरिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ताकीद किया है कि महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पतियों द्वारा बैठकों के संचालन संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लें। साथ ही समय - सीमा में कार्रवाई करें। उन्होंने इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है।

# प्रभु का भक्त बनना है तो सत्य को अपनाना जरूरी हैः मुनिश्री

### मुनिश्री ने मंत्रो से कराया भगवान आदिनाथ का कलशों से अभिषेक

ग्वालियर । धर्म का प्रभाव बढ़ता है तो प्रकृति भी साथ देना छोड़ देती है। जीवन में प्रभु के नाम का स्मरण करना जरूरी है। सुख, संपति व वैभव प्राप्त करना है तो निरंतर परमात्मा के नाम का जाप करते रहना चाहिए। सबके अंदर धर्म की साधना विराजमान है। मनुष्य बनाकर प्रभु ने इसलिए भेजा है कि आप भले मंदिर व तीर्थ जाएं या न जाएं पर परमात्मा की आराधना और भक्ति जरूर करें। सत्य ही प्रभु है, प्रभु का भक्त बनना है तो सत्य को अपनाना जरूरी है। वैराग्यता मनुष्य का सदगुण है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज मंगलवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

### 48 दीपो समर्पित किया

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज कस सानिध्य में भक्तामर पाठ का भगवान आदिनाथ के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ किया। इसके बाद संगीत की मधुर ध्वनियां के साथ संस्कृत में श्री भक्तामर पाठ 48 श्लोक का वाचन ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन द्वारा किया गया। एक-एक श्लोक के बाद स्वस्तिक के मढ़ने पर एक-एक कर 48 दीपक स्थापित किए। इस अवसर पर भजन में महामंत्र ण्मोकार से शुरू कर गाए भजन उंगली पकड़ मेरी मुझे रास्ता दिखाते हैं, भजन पर भक्त भाव विभोर होकर झूमने लगे। बाबा तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए भजन प्रस्तुत किया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। वही भगवान आदिनाथ और भक्तामर की 48 दीपक से महा आरती की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### नौकरी दिलाने के नाम पर रेप

**नशीली दवा खिलाकर बनाया बंधक, आरोपी के चाचा-दादा ने भी किया दुष्कर्म**

ग्वालियर । ग्वालियर में एक महिला के साथ जालसाज ने नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर महिला को पीटा और नशीली दवा खिलाकर बंधक बना लिया। उसके चाचा और दादा ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह पीड़िता आरोपियों के चंगुल से छूट कर पुलिस के पास पहुंची। महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

**यह है पूरा मामला :** घटना महाराजपुरा स्थित डीडी नगर में रहने वाली शादीशुदा महिला के साथ हुई है। उसने पुलिस को बताया कि उसे नौकरी की जरूरत थी। वह नौकरी की तलाश में थी, तभी सीहोर निवासी देव कौशल उसे ग्वालियर में मिला। उसने कहा- वह उसे अच्छी नौकरी दिलवा देगा। उसे उसके साथ चलना पड़ेगा। महिला उसकी बातों में आ गई और मार्च 22 को वह देव के साथ भोपाल पहुंची। अगले दिन भोपाल से सीहोर आई। वह अपने साथ कुछ रुपए और जेवर लेकर आई थी। यहां देव ने रेप किया। विरोध करने पर नशीली दवा खिलाकर बंधक बना लिया। नशीली दवा वह अपने चाचा के मेडिकल शॉप से लेकर आया था।

**आरोपी के चाचा और दादा ने भी किया रेप** : पीड़ित का आरोप है कि आरोपी देव कौशल के साथ उसके इस कृत्य में उसके चाचा राकेश कौशल और दादा विजय सिंह कौशल भी शामिल हैं। उन्होंने ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। मौका पाकर वह 7 अगस्त को ग्वालियर पहुंची। यहां परिवार ने महाराजपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवा रखी थी। वह परिवार के साथ शिकायत करने सीहोर गई, लेकिन वहां आवेदन पर लंबे समय तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद महाराजपुरा थाने में आवेदन दिया। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार रात को तीनों आरोपियों के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। सीएसपी रवि भदौरिया का कहना है कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज करवाई है। अभी आरोपी गिरफ्त से दूर हैं।

### मामा ने किया भांजी से दुष्कर्म

**अश्लील-फोटो वीडियो बनाए, वायरल करने की धमकी देकर 5 साल किया शोषण**

ग्वालियर। ग्वालियर में बहन से मिलने आए मामा ने जब भांजी को अकेला देखा तो जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया और उसके फोटो और वीडियो बना लिए। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के काला सैय्यद के पास तारागंज की है। घटना के बाद भी आरोपी पीड़िता के फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पिछले पांच साल से शोषण कर रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्वालियर के जनकगंज थाना क्षेत्र के काला सैय्यद तारागंज निवासी 20 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि पांच साल पहले उसकी मुलाकात रिश्ते के मामा से गृह प्रवेश के कार्यक्रम में हुई थी। इसके बाद वह उनके घर आने-जाने लगा। उनके बीच बातचीत होने लगी। एक दिन वह आया तो माता-पिता घर पर नहीं थे। यहां उसने अकेला पाकर गलत काम किया। उसने उसके फोटो और वीडियो बना लिए। इसी को दिखाकर उसने पांच साल तक शोषण किया।

**बदनामी का डर, चुप रही तो किया शोषण :** आरोपी उसे बदनाम करने की धमकी देकर शोषण करने लगा। वह उसे बाहर मिलने बुलाने लगा है। बात ना मानने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। कहता था- परिवारवालों को भी मार देगा। परेशान होकर पीड़िता थाने पहुंची। जनकगंज थाना प्रभारी आलोक परिहार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस पार्टी मुरैना रवाना की गई है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### महिला पर गोली चलाते हुए बदमाशों का वीडियो सामने आया

**झुककर महिला ने बचाई जान, सीसीटीवी कैमरे में बाइक पर भागते दिखे युवक**

ग्वालियर । ग्वालियर में दो बाइक सवार बदमाशों का फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बाइक पर सवार होकर आए 2 बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी महिला पर फायरिंग कर रहे हैं। गनीमत रही की गोली महिला को ना लगते हुए दीवार पर जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही घर में सो रहा महिला का बेटा बाहर आया। लेकिन बदमाश पहले ही फरार हो चुके थे। मामले की सूचना युवक ने पुलिस को दी सूचना लगते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची जहा जांच पड़ताल कर पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

**एक अन्य दुकानदार पर भी की फायरिंग :** ग्वालियर हजीरा थाना क्षेत्र के प्रसाद नगर शिव शक्ति स्कूल के पास रहने वाली 45 वर्षीय आशा भदौरिया के ऊपर लूट पूरा इंदिरा नगर में रहने वाले बदमाश अजय तोमर अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक पर सवार होकर आया और घर के बाहर खड़ी महिला के ऊपर कट्टा निकाल का गोली चला दी। गनीमत रही कि महिला समय रहते नीचे झुक गई जिससे गोली महिला के सर के ऊपर दीवार में जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही घर में सो रहा महिला का बेटा घर के बाहर आया लेकिन इससे पहले बदमाश फायरिंग कर भाग निकले। बदमाशों द्वारा फायरिंग करने की यह घटना पास के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वही महिला के बेटे ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। फायरिंग की सूचना लगते ही पुलिस बल मौके पर जा पहुंचा जहां जांच पड़ताल कर महिला और उसके बेटे की शिकायत पर फायरिंग करने वाले बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनके घर पर दबिश दी लेकिन बदमाश पहले ही घर से फरार हो चुके थे। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बदमाशों ने महिला पर फायरिंग किन कारणों के चलते की है फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है।

**शराब के पैसे नहीं देने पर बदमाश करते हैं फायरिंग :** वही महिला के बेटे ने जानकारी देते बताया है कि फायरिंग करने वाले बदमाश आदतन अपराधी हैं और वह हर किसी से शराब पीने के लिए पैसे मांगते हैं जो लोग उन्हें पैसे नहीं देता है वह उन पर फायरिंग कर देते हैं। मेरी मां के ऊपर उन बदमाशों ने फायरिंग क्योंकि है मुझे इसके बारे में पता नहीं है। मेरी मां के ऊपर फायरिंग करने से पहले बदमाशों ने एक दुकान पर फायरिंग की थी। बदमाशों ने मेरी मां के ऊपर फायरिंग किन कारणों से की है मुझे नहीं पता है मेरी बदमाशों से कोई भी रंजिश और कोई भी दुश्मनी नहीं है।

**बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस :** हजीरा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ का कहना है कि घर के बाहर खड़ी एक महिला के ऊपर दो बाइक सवार बदमाशों ने कट्टे से फायरिंग की है गोली महिला को ना लगते हुए दीवार पर जा लगी है। बदमाशों ने महिला के ऊपर फायरिंग करने से पहले एक दुकानदार पर भी फायरिंग की थी बदमाशों का फायरिंग करने का एक वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल फरियादी की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478